Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 14 | गुरूवार, 15 जनवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## राजनाथ सिंह का बड़ा बयान

# 'ऑपरेशन पवन' के दौरान भारतीय सैनिकों के बलिदान का होगा सम्मान

नई दिल्ली।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि लगभग चार दशक पहले श्रीलंका में 'ऑपरेशन पवन' के दौरान भारतीय सैनिकों द्वारा दिए गए बलिदान को उचित सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने 1990 के दशक की सरकारों पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि उस समय सैनिकों के योगदान को सार्वजनिक रूप से पर्याप्त मान्यता नहीं दी गई। सिंह ने कहा कि मोदी सरकार न केवल खुले दिल से इस अभियान में शामिल भारतीय सैनिकों के योगदान को स्वीकार कर रही है, बल्कि हर स्तर पर उनके योगदान को मान्यता देने की प्रक्रिया में भी है। सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में रक्षा मंत्री ने कहा, ₹आज जब पूरा देश अपने सैनिकों को याद कर रहा है और सेना के योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त कर रहा है, तब मैं उन सभी पूर्व सैनिकों को भी याद करना चाहता हूं जिन्होंने लगभग 40 साल पहले श्रीलंका में आइपीकेएफ (भारतीय शांति सेना) के तहत शांति स्थापना अभियान में हिस्सा लिया था। भारतीय सेनाओं ने असाधारण साहस और पराक्रम का प्रदर्शन किया सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बुधवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत के संकल्प और संयम का निर्णायक प्रदर्शन था, जिसने देश की सेना और युवाओं की नैतिक ताकत तथा पेशेवर योग्यता को दशार्या। भारतीय सशस्त्र बलों ने पिछले साल अप्रैल में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में छह-सात मई की रात को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, जिसमें कम से कम 100 आतंकियों को मार गिराया गया।

**कम से कम 100 आतंकियों को मार गिराया गया**

### सैनिकों के बलिदानों का होगा सम्मान

उन्होंने कहा, ₹मेरा मानना है कि ऑपरेशन पवन में शामिल हमारे आइपीकेएफ सैनिकों द्वारा किए गए बलिदानों का सम्मान किया जाना चाहिए।₹ भारत ने जुलाई 1987 से मार्च 1990 के बीच श्रीलंका में भारतीय शांति सेना की तैनाती के दौरान करीब 1,200 सैनिकों को खोया था। भारत और श्रीलंका ने 29 जुलाई 1987 को एक ऐतिहासिक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके बाद तमिल-बहुल इलाकों में वर्षों से जारी हिंसा और संघर्ष को समाप्त करने के उद्देश्य से भारत ने आइपीकेएफ को द्वीप राष्ट्र में तैनात किया था।

# केरल में लेफ्ट का किला ढहाने की तैयारी, अमित शाह ने बनाया ये मास्टर प्लान



नई दिल्ली।

दूसरे राज्यों की तरह की केरल में भी भाजपा का चुनाव प्रचार तो सुशासन और विकास ही होगा लेकिन सबरीमाला में सोने की चोरी को बड़ा मुद्दा बनाया जाएगा। भाजपा के रणनीतिकारों का मानना है कि अयोध्या राम मंदिर की तरह सबरीमाला मंदिर भी केरल में हिंदू जागरण का जरिया बन सकता है और चुनावों में उसका लाभ भाजपा को मिल सकता है। माना जा रहा है कि पार्टी के प्रमुख चुनावी रणनीतिकार अमित शाह ने ही सबरीमाला को लेकर आक्रामक रहने को कहा है। इसके तत्काल बाद मकर संक्रांति के अवसर सबरीमाला मंदिर के लिए 10 हजार स्थानों पर दीप जलाकर भाजपा ने इसकी शुरूआत भी कर दी। दरअसल सबरीमाला मंदिर में सोने की चोरी केरल में एक बड़ा मुद्दा बन गया है। इसकी जांच कर रही एसआइटी ने मंदिर के पुजारी के साथ-साथ इसका संचालन करने वाले त्रावनकोर देवासन बोर्ड के सदस्यों को गिरफ्तार किया है। भाजपा के लिए ऐसी कोई बंदिश नहीं है। यही कारण है कि सबरीमाला को लेकर भाजपा एलडीएफ और यूडीएफ दोनों पर हमलावर है। रविवार को अमित शाह ने केरल में सबरीमाला की अस्मिता और आस्था को सुरक्षित करने का ऐलान किया। कांग्रेस की सीबीआई जांच की मांग से अलग हटकर उन्होंने निष्पक्ष एजेंसी से इसकी जांच कराने की जरूरत बताई। शाह ने साफ किया कि एलडीएफ और यूडीएफ दोनों में से कोई भी शबरीमाला की अस्मिता और आस्था को सुरक्षित नहीं रख सकता है।

### शाह की सबरीमाला पर आक्रामक रणनीति

प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस लंबे समय से इसको लेकर विजयन सरकार पर हमलावर है और मामले की सीबीआइ जांच की मांग कर रही है। लेकिन यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) में इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आइयूएमएल) के होने के कारण ज्यादा आक्रामक रूख अपनाने से परहेज कर रही है।

# विश्व रैंकिंग में भारतीय पासपोर्ट की लंबी छलांग, अब 55 देशों के लिए वीजा-मुक्त सुविधा उपलब्ध

नई दिल्ली।




हेनली पासपोर्ट इंडेक्स ने वर्ष 2026 के लिए वैश्विक पासपोर्ट रैंकिंग जारी की है। इसमें भारतीय पासपोर्ट की रैंकिंग में पांच अंकों का सुधार हुआ है। अब 55 गंतव्यों के लिए वीजा-मुक्त और वीजा-आन-अराइवल सुविधा उपलब्ध होगी। इस इंडेक्स में भारत को 80वां स्थान मिला है, जो अल्जीरिया और नाइजर के साथ साझा किया गया है। सिंगापुर सूची में शीर्ष पर है। उसका पासपोर्ट 192 देशों के लिए वीजा-मुक्त सुविधा प्रदान करता है। जापान और दक्षिण कोरिया दूसरे स्थान पर हैं, जो यात्रा की स्वतंत्रता और देश की आर्थिक शक्ति के बीच संबंध को उजागर करते हैं।

# 'अमृत भारत ट्रेनें कनेक्टिविटी में सुधार के लिए अहम' पीएम मोदी बोले- मिलेगा पर्यटन को भी बढ़ावा

नई दिल्ली।




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जल्दी ही बंगाल और असम से शुरू की जानेवाली नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें देश के विभिन्न हिस्सों को इन दो राज्यों से जोड़ने के साथ-साथ यात्रियों की सुविधा और कनेक्टिविटी में सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

इसके अलावा यह वाणिज्य और पर्यटन को भी बढ़ावा देंगी। नौ नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें बिहार, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु और महाराष्ट्र को बंगाल और असम से जोड़ेंगी। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "नई अमृत भारत ट्रेनें यात्रियों की सुविधा और कनेक्टिविटी में सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम हैं। अन्य लाभों में वाणिज्य और पर्यटन को बढ़ावा देना शामिल है!' रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि नौ नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें जल्द ही शुरू की जाएंगी। नई ट्रेनें गुवाहाटी (कामाख्या)-रोहतक, डिब्रूगढ़-लखनऊ (गोमती नगर), न्यू जलपाईगुड़ी-नागरकोइल, न्यू जलपाईगुड़ी-तिरुचिरापल्ली, अलीपुरद्वार-एसएमवीटी बेंगलुरु, अलीपुरद्वार-मुंबई (पनवेल), कोलकाता (सांतरागाछी)-ताम्बरम, कोलकाता (हावड़ा)-आनंद विहार टर्मिनल और कोलकाता (सियालदह)-वाराणसी को जोड़ेंगी।

# पेयजल में सीवेज के दूषित होने पर एनजीटी सख्त




नई दिल्ली।

राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण ने उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान राज्यों के कई शहरों में निवासियों को सीवेज से दूषित पानी की आपूर्ति किए जाने की मीडिया रिपोर्टों पर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और अन्य से जवाब मांगा है। मंगलवार को पर्यावरण निकाय ने दूषित पानी की कथित आपूर्ति से संबंधित रिपोर्टों का स्वतः संज्ञान लिया। जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल की अध्यक्षता वाली न्यायाधिकरण पीठ ने कहा कि पहली रिपोर्ट में गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों पर प्रकाश डाला गया है, क्योंकि उदयपुर, जोधपुर, कोटा, बांसवाड़ा, जयपुर, अजमेर और बोरा सहित राजस्थान के कई शहरों में दशकों पुराने और जर्जर बुनियादी ढांचे के कारण सीवेज का पानी पेयजल पाइपलाइनों में मिल गया था। पीठ ने कहा कि रिपोर्ट में दावा किया गया है कि राजस्थान के इन शहरों में इंदौर जैसी त्रासदी हो सकती है। हाल ही में इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पानी के सेवन से दस्त फैलने के कारण सात लोगों की मौत हो गई थी। पीठ ने दूसरी रिपोर्ट पर भी ध्यान दिया, जिसके अनुसार ग्रेटर नोएडा (सेक्टर डेल्टा 1) के कई निवासी सीवेज से दूषित पेयजल पीने के बाद उल्टी और दस्त जैसे लक्षणों से बीमार पड़ गए थे।

**यूपी, मध्य प्रदेश और राजस्थान को नोटिस जारी मांगा जवाब**

## पीएम मोदी ने पोंगल उत्सव में लिया भाग

# 'तमिल संस्कृति दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक'



नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को राजधानी दिल्ली में पोंगल उत्सव में भाग लिया और इसे दुनिया की एक प्राचीन सभ्यता का प्रतिनिधित्व करने वाला वैश्विक त्योहार बताया।

केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री एल मुरुगन के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में मोदी की उपस्थिति को दक्षिणी राज्य में मतदाताओं से संपर्क साधने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है, जहां अगले कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव होने वाला है। कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी और राम मोहन नायडू, कई नौकरशाह और तमिल समाज की प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि तमिल संस्कृति दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है और इसमें सदियों की बुद्धिमत्ता और परंपरा समाहित है, जो इतिहास से सीख लेकर भविष्य का रास्ता दिखाती है। इस विरासत से प्रेरणा लेते हुए आज का भारत आगे बढ़ने में इसकी सांस्कृतिक जड़ों से मजबूती लेता है। पोंगल के इस शुभ अवसर पर हम महसूस कर रहे हैं कि भारत को आगे बढ़ाने वाली विश्वास और एकता की भावना इसकी संस्कृति से गहराई से जुड़ी है और इस भूमि के लिए गहरा सम्मान रखती है। पोंगल का पर्व प्रकृति, परिवार और समाज के बीच सौहार्दपूर्ण संतुलन बनाकर रखने के महत्व पर जोर देता है।

# विश्वास बढ़ाने के लिए भारत-चीन संपर्क बढ़ाने पर सहमत

नई दिल्ली।



चीन के साथ द्विपक्षीय मसलों पर वार्ता के लिए बुधवार को विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के अंतरराष्ट्रीय मामलों के उप मंत्री सुन हैयान से वार्ता की। एक दलीय शासन व्यवस्था वाले चीन में कम्युनिस्ट पार्टी के पदाधिकारियों का सरकार में सीधा दखल है। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर मुलाकात से संबंधित बातों को साझा करते हुए बताया है कि दोनों पक्षों ने संबंधों को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने के लिए स्थितियों की समीक्षा की। दोनों पक्षों ने दोनों देशों के नागरिकों के बीच संपर्क बढ़ाने के तरीकों पर वार्ता की।

# शीतलहर से हरियाणा-पंजाब को कोई राहत नहीं, कश्मीर में डल झील जमी

नई दिल्ली।

उत्तर भारत में बुधवार को भीषण शीतलहर का प्रकोप जारी रहा और इससे राहत की फिलहाल कोई संभावना नहीं है। पंजाब और हरियाणा के कई इलाकों में अधिकतम तापमान सामान्य से लगभग 10 डिग्री सेल्सियस नीचे गिर गया। कश्मीर में डल झील के कुछ हिस्सों समेत कई जलाशय जम गए। राजधानी दिल्ली को इस भीषण ठंड से थोड़ी राहत मिली। मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली में अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से मात्र 0.1 डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान गिरकर 3.8 डिग्री सेल्सियस हो गया, जो मौसमी औसत से 3.6 डिग्री कम है। मौसम विभाग ने गुरुवार के लिए शीतलहर की चेतावनी जारी की है, जिसमें तापमान पांच डिग्री सेल्सियस से 22 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों-मेरठ, मुजफ्फरनगर, अलीगढ़ और मुरादाबाद में शीतलहर की स्थिति में मामूली सुधार देखा गया। हालांकि, मौसम विभाग का कहना है कि शीतलहर की स्थिति गुरुवार रात तक बनी रह सकती है और कुछ स्थानों पर पाला पड़ने की संभावना है। दिल्ली के विपरीत हरियाणा में कड़ाके की ठंड पड़ी, जिससे स्थानीय लोग परेशान हो गए। मौसम विभाग ने बुधवार को बताया कि हिसार में रात का तापमान सामान्य से छह डिग्री कम यानी 0.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



## संपादक की कलम से

# पाकिस्तान युद्ध के संकेत!

जम्मू-कश्मीर में राजौरी, पुंछ और सांबा के इलाकों में, सीमापार से, 8-10 ड्रोन उड़ते देखे गए। सेना तुरंत हरकत में आई और एंटी ड्रोन सिस्टम सक्रिय किया गया, उतनी ही देर में वे गायब हो गए। सीमा पर भारत की सेना हाई अलर्ट की स्थिति में है। हमारे थलसेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को आगाह किया है कि ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी है। पाकिस्तान इसके मायने बखूबी जानता है। जनरल द्विवेदी ने यह भी खुलासा किया कि नियंत्रण-रेखा पर 6 और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 2 आतंकी अड्डे सक्रिय देखे गए हैं। उनमें आतंकी गतिविधियां भी देखी गई हैं। यदि पाकिस्तान ने कोई हरकत की, तो इस बार उसका नामोनिशान मिटा दिया जाएगा। यह कोई राजनीतिक बयान नहीं है, बल्कि सेना प्रमुख ने चेतावनी दी है। जनरल ने यह भी बताया कि बीती मई में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के 100 से अधिक फौजी भी मारे गए थे। हमारी सेना ने पाकिस्तान के 9 लड़ाकू विमान गिराए, 11 एयरबेस तबाह किए और 2 अवॉक्स सिस्टम बर्बाद किए थे। पाकिस्तान का कुल 2.85 अरब डॉलर का नुकसान हुआ था। पाकिस्तान कर्जदार देश है। क्या एक और युद्ध बर्दाश्त कर सकेगा? हमलों में 100 से ज्यादा आतंकी ढेर किए गए और 9 आतंकी अड्डों को मिट्टी-मलबा कर दिया था। पाकिस्तान को यह विध्वंस आज भी याद होगा। परमाणु हमले की बातें पाकिस्तान के नेता ही करते हैं, जो पूरी तरह ब्लफ है। सिर्फ सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने ही चेतावनी का बयान नहीं दिया है, बल्कि सेना की पश्चिमी कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने भी बीते दिनों युद्ध की आशंका जताई थी। उन्हें पाकिस्तानी फौज की अंदरूनी हलचलों के कुछ लीड मिले होंगे, जिनके आधार पर उन्होंने आशंका जताई थी कि पाकिस्तान की तरफ से युद्ध जैसा दुस्साहस किया जा सकता है। बहरहाल हमारी सेनाएं मुस्तैद और सक्रिय हैं, बेशक युद्ध की कैसी भी संभावनाएं बनें। 2025 में कुल 31 आतंकी ढेर किए गए, जिनमें अधिकतर पाकिस्तानी थे। कश्मीर में आज भी जयचंद सक्रिय हैं, लिहाजा उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने ऐसे कुल 85 सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से बर्खास्त किया है, जिनके आतंकियों के साथ तार जुड़े थे और यह साबित भी हुआ है। देश का दुर्भाग्य और बुनियादी विडंबना रही है कि कुछ तत्त्व ऐसे सामने आते रहे हैं, जिन्हें पाकिस्तान नाम की खुजली होती रही है। अब पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं राजनयिक रहे मणिशंकर अय्यर ने ऑपरेशन सिंदूर को समाप्त करने और पाकिस्तान के साथ संवाद करने की मांग की है। मणिशंकर पुराने पाकिस्तानवादी रहे हैं। वह तो सलमान खुर्शीद के साथ पाकिस्तान मदद मांगने चले गए थे कि प्रधानमंत्री मोदी को हटाना है। वाह! आज वह पूरी तरह अप्रासंगिक हैं और पाकिस्तान की पैरोकारी कर रहे हैं। इस जमात में डॉ. फारूक अब्दुल्ला जैसे नेता भी शामिल हैं। कुछ समाजवादी नेता सवाल करते रहे हैं कि आखिर ऑपरेशन सिंदूर रोक क्यों दिया गया? सेना को उसका मकसद हासिल करने से क्यों रोका गया? बड़ी संकीर्ण सोच और दृष्टि के नेता हैं। वे नहीं जानते कि हरेक युद्ध की आर्थिक और मानवीय कीमत होती है, जो बेहद महंगी पड़ती है देश को। युद्ध को लंबा नहीं खींचा जा सकता। युद्ध के लक्ष्य सेना और राजनीतिक नेतृत्व ही जानते हैं और उन्हें ही तय करने देना चाहिए। अपनी क्षुद्र राजनीति को जेब में ही रखें। सवाल है कि आखिर पाकिस्तान में बातचीत किससे की जाए और उससे भारत को हासिल क्या होगा? क्या पाकिस्तान की जन्मजात फितरत बदल सकती है? पाकिस्तान से जैश-ए-मुहम्मद के सरगना मसूद अजहर के बयान आते रहे हैं कि उसने 1000 से अधिक आत्मघाती बॉम्बर्स तैयार कर रखे हैं। लश्कर के आतंकी दावा करते रहे हैं कि वे सेना के मुख्यालय में आते-जाते रहते हैं। ऐसे आतंकिस्तान के साथ बातचीत की जाए?



ललित शर्मा
संपादक

## कविता

### हमारे शिक्षक

उदय किशोर साह



शिक्षक शिष्य को राह दिखलाये
बुरे कर्मो से मुक्ति हमें दिलवाये
अंधकार मन को ज्ञान प्रकाश दिलाये
मानव को मानवता का पाठ पढ़ाये

जगत में शिक्षक का है कर्म महान
अज्ञानी तन को बनाते हैं विद्वान
ज्ञान जगत में हैं गुरू एक भगवान
जग में हर कोई इनको देते हैं सम्मान

क पढ़ा कर हमें कर्मवीर बनाया
म से मिहनत करना सब को बताया
श से शराफत की राह चलना समझाया
प से पाप और पुण्य का भेद बतलाया

ग से ग्रन्थ की सार जग को है पढ़ाया
ज्ञ से ज्ञान सिखा ज्ञानवान बनाया
ह से जीवन भर हँसना हमें हँसाया
र से रोना धोना से दूर रहना बताया

च से ज्ञान चक्षु को जाग्रत कर जगाया
द से दयावान मानव को बतलाया
ल से लेखनी का हथियार हमें पकड़ाया
य से यशस्वी होना जगत को समझाया

स से बतलाया सादा जीवन है हमें जीना
त से गम में त्यौहार जीवन में है मनाना
ष से षड़यंत्र से सदैव दूरी है बनाना
जग वाले को तमसो माँ ज्योर्तिमय में लाना

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# एक जमानत पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय और देश विरोधी गैंग सक्रिय

दरअसल उमर व शरजील के साथ खड़े लोग अपनी कुंठा और हताशा को ही जगजाहिर कर रहे हैं। इस कुंठित टोली मे कोई जमानत न मिलने को कायरता पूर्ण कार्रवाई कह रहा है तो कोई इसे बेतुका बता रहा है जबकि कोई इसे अत्याचार बता रहा है।

एक ने तो सारी लज्जा त्यागते हुए इसे लोकतंत्र के लिए काला दिन बता दिया। माननीय सुप्रीमकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में फरवरी 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों के मुख्य आरोपी उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिका खारिज कर दी। इन दंगों में 53 लोग मारे गए थे और 700 से अधिक घायल हुए थे। इसी केस में उमर और शरजील के 5 साथियों को 12 कड़ी शर्तो के साथ जमानत मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने उमर और शरजील इमाम पर कड़ी टिप्पणियां करी हैं। अब ये दोनों अभियुक्त आने वाले एक साल में जमानत के लिए अपील भी नहीं कर पाएंगे। फरवरी 2020 के दिल्ली दंगे अत्यंत वीभत्स दंगो में से एक थे। इस दंगे में मारे गए 53 निर्दोष लोगों में एक युवा आईबी अधिकारी अंकित शर्मा, पौढ़ी गढ़वाल से पांच महीने पहले आया गरीब माता का बेटा दिलबर नेगी और दो पुलिस कर्मी भी शामिल थे। ऐसे कुख्यात दंगों के अपराधियों को जमानत न मिलने पर सर्व साधारण में संतोष का भाव है किन्तु कुछ लोग इस पर भी तुष्टीकरण की रोटियां सेंकते हुए उमर खालिद और शरजील इमाम के लिए न केवल आंसू बहा रहे हैं वरन अनर्गल प्रलाप भी कर रहे हैं। शरजील इमाम केवल दिल्ली दंगों का ही अपराधी नहीं है वरन चिकन नेक तोड़कर पूर्वोत्तर भारत को देश से अलग करने कि बात करने वाला देशद्रोही है। शरजील इमाम भारत को खंड -खंड मे विभाजित देखना चाहता हैं। भारत के जो विपक्षी दलो ने प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत न मिलने पर उसको सांप्रदायिक रंग दे रहे हैं क्या वे इन विचारों से सहमत हैं?



*दंगो की जांच में यह तथ्य भी सामने आया कि हिंसा अचानक नहीं हुई थी आप पार्षद ताहिर हुसैन और विधायक अमानतुल्लाह खान की इसमें बड़ी भूमिका थी, इनकी जांच प्रगति पर है और अभी कोई बरी नहीं हुआ है। केजरीवाल मुख्यमंत्री रहते सरकारी तौर पर इन तत्वों को बचाने का पूरा प्रयास किया गया और उन्हीं की वजह से आज भी वह जमानत पर घूम रहे हैं। जब तक दिल्ली में केजरीवाल मुख्यमंत्री रहे तब तक उनकी ओर से दिल्ली दंगो की जांच में कोई सहयोग नहीं किया जा रहा था। अब मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में संभव है फरवरी 2020 के पीड़ितों को न्याय मिल जाए।*

दरअसल उमर व शरजील के साथ खड़े लोग अपनी कुंठा और हताशा को ही जगजाहिर कर रहे हैं। इस कुंठित टोली मे कोई जमानत न मिलने को कायरता पूर्ण कार्रवाई कह रहा है तो कोई इसे बेतुका बता रहा है जबकि कोई इसे अत्याचार बता रहा है। एक ने तो सारी लज्जा त्यागते हुए इसे लोकतंत्र के लिए काला दिन बता दिया। एक व्यक्ति ने कहा कि 5 साल से अधिक बिना किसी दोष साबित हुए जेल में रखना बर्बरता बता दिया। यह बात भारतीय जनमानस के समझने योग्य है कि इन सेक्युलर नेताओं को सुप्रीम कोर्ट का फैसला बर्बर लग रहा है। अमेरिकी अब्राहम लिंकन ने एक बार कहा था कि जो अदालतों के अधिकार व उनके फैसलों को नकारता है वह राष्ट्र की नींव को नकारता है। इस तुष्टीकरण गैंग से पूछा जाना चाहिए कि आज देश में 4 लाख 34 हजार 302 विचाराधीन कैदी हैं जो सजा पाए बिना जेल में बंद हैं। करीब 26 हजार ऐसे कैदी हैं जो 3 से 5 साल तक जेल में बंद हैं और करीब साढ़े 11 हजार ऐसे कैदी हैं जो 5 वर्षों से अधिक समय से जेल में बंद हैं। यह आंकड़े केवल 2020 तक के ही हैं। इंडिया जस्टिस रिपोर्ट-2025 के अनुसार यह आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। इसमें भी अधिकांश बंदी जन गरीब, दलित अल्पसंख्यक व महिला समाज के हैं। इन कैदियों के लिए टुकड़े टुकड़े गैंग के समर्थकों का मन कभी नहीं छटपटाता है। यह लोग उन उमर खलिद और शरजील इमाम के लिए रो रहे हैं जिनकी जमानत के फैसले से पूर्व ही न्यूयार्क के मेयर ममदानी का एक आपत्तिजनक पत्र सार्वजनिक हो गया था। ममदानी के पत्र से पता चलता है कि भारत के खिलाफ कितनी गहरी साजिशें रची जा रही हैं। यूएपीए कानून के तहत गिरफ्तार किया गया शरजील इमाम राष्ट्र द्रोही व घातक व्यक्ति है।

चिंता का विषय है कि उमर खालिद और शरजील इमाम के बचाव में अदालत में जो लोग खड़े हुए हैं वह कोई सामान्य व्यक्ति नहीं अपितु देश के पूर्व केंद्रीय मंत्री, वरिष्ठ कांग्रेस नेता और प्रभावशाली व्यक्ति हैं। इनमें कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी, अश्विनी कुमार जैसे नाम शामिल हैं जिन्होंने कांग्रेस सरकार में बडे मंत्रालय संभाले। इसके अतिरिक्त सिद्धार्थ दवे, सिद्धार्थ लूथरा, त्रिदीप पैइस भी इनके वकील रहे प्रश्न यह उठता है कि ह्लक्या यह केवल कानूनी सहायता हैह्व या ह्लकिसी विशेष मानसिकता का स्पष्ट संकेत ? यह सब चल ही रहा था तभी बीच में जेएनयू के ढपली वालों ने आकर ताल से ताल मिला दी। दिल्ली में जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय की जमीन से एक बार फिर देश के विरुद्ध आपतिजनक नारे लगे। दस साल पूर्व भारत तेरे टुकड़े होंगे, इंशा अल्लाह -इंशा अल्लाह के नारे लगाए गए थे उसी जगह ह्लमोदी तेरी कब्र खुदेगी , अमित शाह तेरी कब्र खुदेगी खुदेगीह्व जैसे आपत्तिजनक नारे लगाए गए। इस गैंग की नारेबाजी की वजह थी दिल्ली दंगों के आरोपी उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत की अर्जी का खारिज होना।

कांग्रेस व उसके अन्य विरोधी दलों के नेताओं ने इस प्रदर्शन व नारेबाजी को गुस्से ,नाराजगी के प्रकटीकरण का तरीका बता दिया। दिल्ली दंगो से सम्बंधित एक महत्वपूर्ण बात यह है कि उस समय दिल्ली में आप मुखिया अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री थे।

# छुट्टियों में दिल्ली वालों के लिए स्वर्ग, 500 किलोमीटर के अंदर इन 10 हिल स्टेशनों पर पाएं सुकून

आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दिल्ली एनसीआर के सबसे करीबी हिल स्टेशनों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो करीब दिल्ली से 500 किमी की दूरी पर हैं। ऐसे में 2-3 दिन की छुट्टी मिलने पर आप भी इन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। ज्यादातर लोग घूमने के शौकीन होते हैं, लेकिन सफर पर जाने के लिए छुट्टियां नहीं रहती हैं। ऐसे में जो लोग घूमना चाहते हैं, वह अपने शहर के आसपास शानदार जगहों की तलाश करते हैं। दिल्ली के पास उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्य हैं, जोकि हिल स्टेशन्स के मामले में काफी ज्यादा समृद्ध हैं।

वहीं उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर सबसे ज्यादा लोग पहुंचते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दिल्ली एनसीआर के सबसे करीबी हिल स्टेशनों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो करीब दिल्ली से 500 किमी की दूरी पर हैं। ऐसे में 2-3 दिन की छुट्टी मिलने पर आप भी इन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।



**मसूरी**

दिल्ली से मसूरी करीब 290 किमी दूर है। यहां पर आने के लिए आपको करीब साढ़े 6 घंटे का समय लग सकता है।

**नैनीताल**

दिल्ली से नैनीताल 300 किमी के अंदर है। ऐसे में अगर आप दिल्ली से नैनीताल की यात्रा करना चाहते हैं तो लगभग 7 घंटे का समय लगेगा। नैनीताल में आप नैनी झील, माल रोड और नैना देवी मंदिर आदि देख सकते हैं।

**लैंसडाउन**

बता दें कि दिल्ली एनसीआर से लैंसडाउन की दूरी करीब 258 किमी है। ऐसे में आप 6 घंटे का सफर तय करके इस जगह पर पहुंच सकते हैं।

**चोपता**

दिल्ली में रहने वाले लोग चोपता घूमने के लिए जा सकते हैं। दिल्ली से चोपता की दूरी करीब 414 किमी है। इसका सफर तय करने में 10 से 11 घंटे का समय लग सकता है। यह हिल स्टेशन भी पर्यटकों का पसंदीदा जगह है।

**गोपेश्वर**

गोपेश्वर में भी घूमने के लिए एक से एक बेहतरीन जगहें हैं। आप यहां पर ओक व्यू, सागर गांव, गोपीनाथ मंदिर और तुंगनाथ मंदिर के दर्शन कर सकते हैं। दिल्ली से गोपेश्वर की दूरी करीब 450 किमी है।

**शिमला**

हिमाचल प्रदेश के सबसे फेमस हिल स्टेशनों में शिमला का नाम सबसे पहले आता है। हर साल देशभर से शिमला में लाखों पर्यटक आते हैं। दिल्ली से शिमला की दूरी करीब 342 किमी है। जहां पर 5-6 घंटे का सफर करके पहुंचा जा सकता है।

**कसौली**

दिल्ली से कसौली की दूरी करीब 300 किमी है। यहां पर पहुंचने के लिए आपको 8 घंटे का समय लग सकता है। कसौली भी एक पॉपुलर हिल स्टेशन है।

**मैक्लोडगंज**

वहीं दिल्ली से मैक्लोडगंज की दूरी करीब 500 किमी के अंदर है। यह सफर आप 11 घंटे में तय कर सकते हैं। मैक्लोडगंज में आप त्रिकुंड, नामगयाल मठ और भागसूनाथ मंदिर आदि को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**कसोल**

करीब 500 किमी की दूरी के तहत आने वाले दिल्ली के करीबी हिल स्टेशनों में कसोल का नाम भी शामिल है। कसोल की शांति और सुंदर दृश्य आपके मन को प्रफुल्लित कर देंगे।

**धर्मकोट**

अगर आप दिल्ली एनसीआर के रहने वाले हैं, तो आप 9-10 घंटे का सफर तय करके हिमाचल प्रदेश के धर्मकोट की यात्रा पर जा सकते हैं। बता दें कि दिल्ली से धर्मकोट की दूरी करीब 486 किमी दूर है।

# जनता की तो छोड़ो कोर्ट की भी नहीं सुनती पुलिस कोर्ट आदेश भी हुऐ बौने साबित- एड. तोमर

वेलकम इंडिया

राजस्थान के जिला सवाई माधोपुर स्थित थाना मान टाउन पुलिस का एक गैर कानूनी व गैर जिम्मेदाराना तथा लापरवाही पूर्ण ऐसा करनामा सामने आया है जिसने सभी को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आखिर आज के दौर में पुलिस बडी हैं या कोर्ट ऐसे ही एक मामले का खुलासा करते हुऐ आज हिन्दुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दिल्ली हाई कोर्ट के अधिवक्ता राजेंद्रसिंह तोमर राजा भईया ने पत्रकारों को बताया कि उन्होंने पिछले वर्ष उपरोक्त थाना पुलिस द्वारा उनकी दी गई संज्ञेय/कोगिनिजेवल अपराधों का खुलासा करने वाली चार अलग अलग शिकायतों पर आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज ना करने से दुःखी होकर और पुलिस अधीक्षक को शिकायते देने के बाद भी आरोपियों के विरुद्ध मुकदमे दर्ज नहीं करने पर मजबूर होकर अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रेट सवाई माधोपुर की कोर्ट में चार अलग अलग इस्तगासे ( शिकायत केस ) आरोपियों के विरुद्ध मुकदमे दर्ज कराने हेतु दायर किए थे सभी तथ्यों एवं दस्तावेजों को देखने के बाद माननीय अदालत ने दिनांक 16/11/2025 को आदेश पारित करते हुऐ उपरोक्त थाने के प्रभारी एवं जांच अधिकारी से इन चारों इस्तगासो पर दिनांक 06/01/2026 को कोर्ट में तथ्यात्मक/ जांच रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए थे, दिनांक 06/01/2026 को जिले में चौथ माता जी का मेला होने के कारण जिला कलेक्टर द्वारा अवकाश घोषित कर दिया था इस कारण चारों इस्तगासो पर कोर्ट में 07/01/2026 को अगले दिन सुनवाई हुई परन्तु उपरोक्त तारीख पर थाना मान टाउन के संबंधित जांच अधिकारी ना तो स्वयं कोर्ट में पेश हुऐ और ना ही उन्होंने इन चारों इस्तगासो में कोर्ट के आदेशानुसार कोई तथ्यात्मक/जांच रिपोर्ट ही दायर/पेश की ?? एडवोकेट तोमर ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज ना कर एक तो उपरोक्त थाना पुलिस ने उन्हें पहले ही न्याय से वंचित कर दिया है और कोर्ट में जांच रिपोर्ट पेश ना कर उन्हें फिर से अदालत द्वारा भी न्याय मिलने में पुलिस द्वारा जान बुझ कर अड़चन पैदा की जा रही है ऐसे में कैसे किसी पीड़ित को न्याय मिल सकता है ये बात समझ से परे है कि न्यायालय बड़ा है या पुलिस, कोर्ट आदेश के बावजूद न्यायालय में विचाराधीन मामलों में जांच अधिकारी द्वारा तथ्यात्मक एवं जांच रिपोर्ट पेश ना करना पुलिस की मंशा को स्पष्ट दशार्ता है और आरोपियों से उनकी मिली भगत का पर्दा फांस करता है मामलो में कई बड़ी मछलियां फंसी हुई है इस कारण भी जान बुझ कर उक्त प्रकरणों को लंबित किया जा रहा है, इस बाबत राजा भईया ने राज्य पुलिस के डीजीपी, आईजीपी भरतपुर रेंज पुलिस तथा जिला सवाई माधोपुर के पुलिस अधीक्षक को उनकी ऑफीशियल ई मेल पर शिकायत भेज कर उक्त थाने के संबंधित लापरवाह एवं गैर जिम्मेदाराना जांच अधिकारी के विरुद्ध विजीलेंस जांच करा कर उचित कानूनी एवं विभागीय कार्यवाही करने की मांग जनहित व न्यायहित में की है शिकायत की प्रति पत्रकारों को देते हुऐ उन्होंने बताया कि अब कोर्ट में उनके चारों प्रकरणों की सुनवाई आगामी 06/02/2026 को निर्धारित की गई है।






जारीकर्ता :-- राजेंद्र सिंह तोमर ( राजा भईया ) एडवोकेट दिल्ली हाई कोर्ट, मो न-811371054=9818951279

# सांसद खेल प्रतियोगिता में भगवंत पब्लिक स्कूल के बच्चों ने मारी बाजी



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**चाँदपुर :** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सांसद खेल प्रतियोगिता का आयोजन नेहरू स्टेडियम बिजनौर में किया गया। जिसमें विभिन्न खेलों की प्रतियोगिता आयोजित की गई भगवन्त पब्लिक स्कूल नूरपुर रोड चांदपुर के छात्रों ने विभिन्न खेलों में भागीदारी की जिसमें वॉलीबॉल सब जूनियर गर्ल्स, 400 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, बैडमिंटन खेलों में भगवन्त पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया भगवन्त पब्लिक स्कूल की गर्ल्स वॉलीबॉल की टीम ने सेमीफाइनल में डीडीपीएस बिजनौर व फाइनल में क्रिसेंट पब्लिक स्कूल किरतपुर को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया आरुषि ने 400 मीटर की रेस में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वॉलीबॉल टीम में अंशिका, नितिका कुमारी, आयत, आरुषि, वंशिका, शालू कुमारी, वर्षा चौधरी ने प्रतिभा किया। बिजनौर के लोकसभा सांसद चंदन चौहान ने विजेता छात्रों को मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर भगवंत ग्रुप के अध्यक्ष डॉ अनिल सिंह भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे व शासन प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने विजेता छात्रों को बधाई देते हुए सम्मानित किया इस प्रदर्शन से बच्चों के अभिभावक व विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई विजेता विद्यार्थियों का चयन अब मंडल स्तरीय खेलों के लिए हुआ है अब ये सभी विद्यार्थी मंडल स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश कुमार राय ने सभी विजेता छात्रों को बधाई देते हुए कहा खेल युवाओं के जीवन को निखारता है व इसमें अपने भविष्य को सवारने की बात कही विद्यालय के उप प्रधानाचार्य नितिन कुमार शर्मा ने भी सभी विजेता छात्रों को बधाई दी व खेल से शारीरिक मानसिक और बौद्धिक विकास की बात कहते हुए खेल को अपने जीवन पर बल देने की बात कही। इस मौके पर वरिष्ठ समन्वयक दीपक कुमार, उप समन्वयक हृदेश शर्मा, शारीरिक शिक्षक विनीत कुमार, दीपिका राजपूत, प्रियांशी चौधरी, प्रतिभा ठाकुर आदि अध्यापक उपस्थित रहे।

# चेयरमैन खुर्शीद ने दुआ फाउंडेशन की टीम को किया सम्मानित

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




जनपद बिजनौर नजीबाबाद में दुआ फाउंडेशन द्वारा निरंतर किए जा रहे सामाजिक एवं इंसानियत की सेवा के कार्य वास्तव में सराहनीय हैं। इसी सेवाभावपूर्ण प्रयासों को सम्मान देते हुए आजाद समाज पार्टी के मंडल प्रभारी व चेयरमैन साहनपुर खुर्शीद मंसूरी ने दुआ फाउंडेशन के समर्पित सदस्यों को सम्मानित किया। शनिवार की शाम आजाद समाज पार्टी के मोहल्ला बांसफोड़ान स्थित कैंप कार्यालय पर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नजीबाबाद की सामाजिक संस्था दुआ फाउंडेशन के अब्दुल्ला गुलजार, हाजी शमीम कुरैशी, मास्टर मोहम्मद असलम, मास्टर अब्दुल सत्तार, इरफान कुरैशी, हाजी जब्बार, हाजी इमरान कुरेशी, मुफ्ती सलमान कासमी, युसूफ पहलवान, गुलजार अहमद पत्रकार, अनीस अहमद, मोहम्मद जीशान सहित पूरी टीम का फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। साथ ही चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी व उनकी टीम ने दुआ फाउंडेशन की पूरी टीम को शॉल उड़ा कर सम्मानित किया गया। चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने अपने संबोधन में कहा की दुआ फाउंडेशन एक सामाजिक संस्था है जो की जनहित में सामाज हित में लगातार खिदमत के कार्य कर रही है दुआ फाउंडेशन की टीम बधाई के पात्र है।

# प्रतिष्ठित समाजसेवी राजेश शर्मा ने लोहड़ी व मकर संक्रांति पर कंबल बाटे



**वेलकम इंडिया**

**मुरादाबाद :** प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं पूर्व बिंदल पेपर डिस्टलरी हेड राजेश कुमार शर्मा ने बढापुर (मुरादाबाद) मे लोहड़ी व मकर संक्रांति के अवसर पर कंबल वितरण किये। बता दे कि राजेश कुमार शर्मा एक प्रतिष्ठित समाजसेवी और व्यवहार कुशल और मृदु भाषी व्यक्तित्व के धनी है। तथा निर्धन एवं गरीबो की निस्वार्थ सेवा करते रहते हैं। इस अवसर पर पूर्व प्रधान चंद्रपाल सिंह, योगी महाराज, चौधरी निपेंद्र सिंह, कुलदीप शर्मा, प्रमोद शर्मा आदि मौजूद रहे।

# शहीद समिति तसीमों ने मकर संक्रांति पर 550 गरीब व असहायों को बांटे कंबल

**वेलकम इंडिया**



**तसीमों धौलपुर राजस्थान।** शहीदों की पावन धरती तसीमों में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर शहीद छत्तर सिंह पंचम सिंह सेवा समिति तसीमों द्वारा एक गार्डन तसीमों में कंबल वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें 550 गरीब व असहाय जरूरतमंदों को 550 कंबल वितरित किए गए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी मांगीलाल मित्तल ने की, जबकि पूर्व प्रधान धौलपुर मीनाक्षी शर्मा मुख्य अतिथि रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में धौलपुर रोडवेज के मुख्य प्रबंधक जगजीत सिंह, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज त्यागी, तसीमों सरपंच नीलम परमार, भगवती प्रसाद शर्मा सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम से पहले सभी जन शहीद स्मारक पहुंच कर पुष्प अर्पित कर शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती की तस्वीर पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ किया गया। इसके पश्चात शहीद समिति के पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों का साफा, माला एवं पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि मीनाक्षी शर्मा ने शहीद परिजनों को शौल ओढ़ाकर सम्मानित किया और कहा कि ह्नशहीदों की इस पावन भूमि पर आना मेरे लिए गर्व और भाग्य की बात है। शहीदों के परिजनों का सम्मान करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर धौलपुर रोडवेज के मुख्य प्रबंधक जगजीत सिंह ने तसीमों वासियों के निवेदन पर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात देते हुए तसीमोंझसैंपऊझबाड़ी होते हुए कैलादेवी तक रोडवेज बस सेवा शीघ्र शुरू करने की बात कही। उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज त्यागी ने कहा कि शहीद समिति के आग्रह पर वे निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित करने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रख्यात कवि एवं शिक्षाविद डॉ. श्यामवीर परमार ने काव्य-पाठ के माध्यम से समारोह को भावनात्मक और प्रेरणादायी बना दिया। इस अवसर पर तसीमों सरपंच प्रतिनिधि रामौतार फौजी, धर्मवीर कुशवाह, सुघर सिंह परमार, हरेंद्र परमार, कोमल ठाकुर, सोनू पंच आदि सहित सैकड़ों ग्रामीण, शहीद समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# दीपिका ने फिर लहराया जीत का परचम



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**बिजनौर :** हल्दौर ग्रुप आफ कालेज हल्दौर में अध्ययनरत बीकॉम तृतीय सेमेस्टर की छात्रा दीपिका सिंह पुत्री संजीव कुमार ने जिला प्रशासन बिजनौर, सांसद खेल स्पर्धा 2026 में अपनी कडी मेहनत और समर्पण से दिनाक 12 और 13 जनवरी को वेट लिफ्टिंग में 70 केजी में प्रथम स्थान हासिल कर अपने परिवार, समाज और अपने महाविद्यालय का नाम रोशन कर क्षेत्र में अपनी नई पहचान बनाई है। दीपिका की इस जीत से समाज की अन्य बालिकाओं को सशक्त मनने की प्रेरणा मिलती है। इस सफलता के बाद अपने महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य डॉ योगेन्द्र कुमार ने दीपिका को बधाई दी और महाविद्यालय के शिक्षकों सरजीत सिंह, अमल चौधरी और शिवानी ने दीपिका को फूल मालाएं पहनाकर स्वागत कर शुभकामनाएं दीं।

# ट्रान्स यमुना पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

**वेलकम इंडिया**



**आगरा:-** जिले की थाना ट्रान्स यमुना पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र में मंगलवार को सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने दोपहिया और चारपहिया, ऑटो वाहनों को रोका और उनके कागजात की गहन जांच की। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाना और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत करना था। चेकिंग के दौरान वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण, बीमा और प्रदूषण प्रमाण पत्र की जांच की गई। जिन चालकों के पास आवश्यक कागजात नहीं थे या जो नियमों का उल्लंघन कर रहे थे, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई। वहीं, नियमों का पालन करने वाले चालकों को यातायात नियमों का पालन जारी रखने की सलाह दी गई। पुलिसकर्मियों ने दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने और चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने तथा ऑटो चालकों को ओवर लोड सवारी न भरने के प्रति भी जागरूक किया। इस अभियान के कारण सड़क पर कुछ समय के लिए वाहनों की गति धीमी हुई, लेकिन पुलिस की सक्रियता से यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रही।

# जाम से मुक्ति दिलाने के लिए पालिका ने मुख्य मार्गों से हटाया अतिक्रमण

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




जनपद बिजनौर शहर को जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए मंगलवार को बिजनौर नगर पालिका परिषद द्वारा वृहद स्तर पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। पालिका टीम के सड़कों पर उतरते ही अवैध कब्जा करने वालों और ठेले-फेरी वालों में हड़कंप मच गया। अभियान की शुरूआत नगर पालिका परिषद के मुख्य द्वार से की गई। इसके बाद टीम ने आबकारी चौकी क्षेत्र, रोडवेज बस अड्डा चौराहा और कचहरी मार्ग पर सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण को हटवाया। अधिशासी अधिकारी विकास कुमार ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि शहर की सड़कों को घेरकर यातायात बाधित करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। ईओ विकास कुमार ने बताया कि बुधवार को जिला कारागार रोड, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज मार्ग और राम का चौराहा क्षेत्र में सघन अभियान चलाया जाएगा। प्रशासन का लक्ष्य सदर बाजार और सिविल लाइन से लेकर शक्ति चौराहे तक के पूरे क्षेत्र को पूर्णतः अतिक्रमण मुक्त बनाना है। रेहड़ी व ठेले वालों को रात्रि के समय समान घर ले जाने को कहा गया है, ऐसा नहीं करने पर जब्तीकरण की कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। अतिक्रमण हटाओ अभियान की इस कार्रवाई के दौरान अधिशासी अधिकारी विकास कुमार के साथ कर अधीक्षक नरेंद्र पाल सिंह, सफाई निरीक्षक गोविंद चौधरी, कर निरीक्षक सुंदरलाल, ऋषिपाल सिंह, अवर अभियंता (सिविल) यशवंत सिंह और अवर अभियंता (जलकल) गौरव कुमार शर्मा सहित भारी संख्या में पालिका कर्मचारी व पुलिस बल मौजूद रहा।

# भाजपा महानगर मंत्री एवं मुस्लिम कमेटी प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर शोएब अंसारी ने एसपी ट्रैफिक शैलेन्द्र श्रीवास्तव का किया स्वागत

**वेलकम इंडिया, राजीव चौधरी**



**सहारनपुर।** सहारनपुर के क्षेत्र की समस्या को लेकर भाजपा के महानगर मंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा एवं मुस्लिम कमेटी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ शोएब अंसारी ने एसपी ट्रैफिक शैलेन्द्र श्रीवास्तव से मुलाकात की पुलिस लाईन भाजपा महानगर मंत्री एवं मुस्लिम कमेटी प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर शोएब अंसारी ने एसपी ट्रैफिक शैलेन्द्र श्रीवास्तव का स्वागत किया भाजपा महानगर मंत्री एवं मुस्लिम कमेटी प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर शोएब अंसारी ने नगर मीडिया प्रभारी व्यापार मंडल विशु वर्मा अनुष जैन अरविंद शर्मा सलमान मालिक फुरकान शमी आदि के साथ में जाकर समस्याओं का निस्तारण किया और लोगों से अपील भी की है उन्होंने कहा है हेलमेट हमें पुलिस से ही नहीं बचता है बल्कि हमारी जान को सुरक्षित रखने के लिए होता है और हम सबको पुलिस का सहयोग करना चाहिए और बिना हेलमेट के बिल्कुल न चले वही भाजपा महानगर मंत्री एवं मुस्लिम कमेटी प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर शोएब अंसारी ने कहा है अगर पुलिस हेलमेट के लिए रोक रही तो हम लोगो इस मामले में फोन बिल्कुल ने किया जाय हम लोग उनका साथ नहीं देंगे माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ महराज जी के आदेशों को हम लोग पालन करते है और हमेशा करते रहेंगे और जो कानून के नियमों का पालन नहीं करेगा उसके साथ हम लोग कभी भी साथ नही देंगे। महानगर मंत्री एवं मुस्लिम कमेटी प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर शोएब अंसारी ने कड़े शब्दों में कहा कि अगर कहीं चेकिंग अभियान के तहत कोई पकड़ा गया और फोन किया तो उसकी पैरवी हम नहीं करेंगे महानगर मंत्री एवं मुस्लिम कमेटी प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर शोएब अंसारी ने हेलमेट को लेकर जो स्पेशल अभियान चलाया जा रहा है वो काबिल ए तारीफ है। भाजपा महानगर मंत्री एवं मुस्लिम कमेटी प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर शोएब अंसारी ने कहा हेलमेट सिर्फ हेलमेट नही आपका हमारा रक्षा कवच है, हेलमेट आपका सुरक्षा कवच है। सड़क पर निकलें तो हेलमेट जरूर पहनें जिसके चलते एक सही आदत आपकी ज़िंदगी बचा सकती है। इस दौरान भाजपा महानगर मंत्री एवं मुस्लिम कमेटी प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर शोएब अंसारी ने अपील करते हुए कहा है कि आप कहीं भी मोटरसाइकिल या स्कूटी के माध्यम से अपने घर परिवार रिश्तेदार दोस्त या अन्य किसी भी संबंधी के पास से निकलते हैं। तो कहीं ना कहीं इस चीज का ध्यान रखना चाहिए कि जिन लोगों को छोड़कर हम निकले हैं। वह आपका इंतजार कर रहे हैं हेलमेट जीवन के लिए बहुत जरूरी है।

# मकर संक्रान्ति के अवसर पर विशेष हवन पूजा के साथ भंडारे का आयोजन



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम शेखपुरा आलम में महाराज मंगलनाथ जी के नेतृत्व में ग्राम वासियों ने विशाल भंडारा आयोजित किया इस अवसर पर महाराज मंगलनाथ जी ने कहा जी मकर संक्रांति पर्व हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है यह पाव सूर्य देव को समर्पित और आध्यात्मिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है जब सूर्य देव उत्तरायण होने लगते हैं तो लोग नदियों में मकर संक्रांति पर्व का स्नान करते हैं इस दिन तिल एवं गुड़ के लड्डू के साथ मक्का धान लाई की खिचड़ी खाई जाती है उन्होंने सभी ग्राम वासियों क्षेत्रवासियों की सुख शांति की कामना करते हुए भंडारे में पधारने पर सभी का आभार प्रकट किया भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह ने कहा कि हमारे धार्मिक स्थलों पर आयोजित होने वाले भंडारे सहभोज कार्यक्रम का विशेष महत्व है जो समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का काम करते हैं इस प्रकार की आयोजन में हम सभी जाति धर्म बंधनों से ऊपर उठकर सभी एक साथ मिलकर सहभोज में भाग लेते हैं इससे सामाजिक व्यवस्था बढ़ती है उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री जी के सब का साथ सबका विकास सबका विश्वास सबका प्रयास का जीवंत उदाहरण इस प्रकार के कार्यक्रम है इस अवसर पर चौधरी ईशम सिंह ने उपस्थित गणों के साथ महाराज जी का अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया इस भंडारे कार्यक्रम सहयोग में मुख्य रूप से महाराज जी मंगलनाथ, राहुल सिंह, भीम सिंह सैनी, कमल सिंह, ब्रह्मपाल प्रजापति, कुलदीप चौहान आदि।

# विवेकानन्द दिव्य भारती द्वारा चार विभूतियों को किया गया सम्मानित

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर।** विवेकानन्द जयंती के अवसर पर विकास भवन बिजनौर के सभागार में आयोजित शानदार समारोह में विवेकानन्द दिव्य भारती उत्तर प्रदेश द्वारा जनपद की चार विभूतियों को सम्मानित किया गया। दिव्य भारती द्वारा विवेक विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गोयल जनपद को प्रथम विश्वविद्यालय देने हेतु, राष्ट्रमंडल खेलों में वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले पर्व चौधरी व तुषार चौधरी एवं उनके कोच करन सिंह को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली विभूतियों का माल्यार्पण व बैच लगा कर स्वागत किया गया तदोपरांत मुख्य अतिथि रण विजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी व विवेकानन्द दिव्य भारती के संरक्षक डा सुबोध चन्द्र शर्मा, अध्यक्ष योगेन्द्र पाल सिंह योगी, महामंत्री टीकम सिंह सेंगर व कोषाध्यक्ष अरविन्द अहलावत द्वारा संयुक्त रूप से अंगवस्त्र ओढ़ा कर व विवेकानन्द की प्रतिमा भेंट कर दिव्य भारती सम्मान से सम्मानित किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के कारण पर्व चौधरी का सम्मान उनके बाबा राजेन्द्र सिंह ने और तुषार चौधरी का सम्मान उनके पिता संजय सिंह द्वारा ग्रहण किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द जी के विचारों पर चल कर ही देश व समाज की प्रगति की जा सकती है। इस अवसर पर डॉ नरेंद्र सिंह, प्रशान्त महर्षि, ओ पी शर्मा छोइया नंगली जूनियर हाईस्कूल की दो छात्राओं द्वारा विवेकानन्द के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके प्रसंग सुनाये गये। विवेक विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गोयल ने विवेकानन्द दिव्य भारती उत्तर प्रदेश का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विवेक विश्वविद्यालय विवेकानन्द के विचारों को अंगीकृत करते हुए शिक्षा देने का प्रयास कर रहा है। कार्यक्रम में विवेकानन्द दिव्य भारती की टीशर्ट भी लान्च की गई। इस अवसर पब्लिक इमोशन के सम्पादक पंकज भारद्वाज, बेसिक शिक्षा अधिकारी कसाना, राजेन्द्र सिंह मलिक प्रभारी अधिकारी धान अनुसंधान केंद्र नगीना, जनपद व प्रदेश के सम्मानित प्रगतिशील कृषक शरद कुमार सिंह, राहुल जवान किसान कार्यशाला, निशा सिंह, रीतु राज सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुबोध कुमार, टीकम सिंह, विनय तितोरिया, विरेन्द्र सिंह सैनी, विपिन चौहान, रामोतार सिंह, संजीव डवास, आकाश कुमार, अशोक कुमार, श्रीमती रचना कपूर आदि का सहयोग रहा।

कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र सिंह सोलंकी ने किया।

# जिला स्तरीय गौ-संरक्षण अनुश्रवण मूल्यांकन एवं समीक्षा बैठक हुई संपन्न

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय गौ-संरक्षण अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जनपद में संचालित गौसंरक्षण से संबंधित योजनाओं, गौआश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं, संरक्षण कार्यों की प्रगति तथा उपलब्ध संसाधनों के प्रभावी उपयोग की विस्तार से समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी गौआश्रय स्थलों पर स्वच्छता, चारा, पेयजल, छाया, शेड एवं पशु चिकित्सा सुविधाएं मानक के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि गौवंश के संरक्षण में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी तथा नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जाए।

बैठक में गौआश्रय स्थलों की क्षमता, वर्तमान गोवंश संख्या, चारे की उपलब्धता, भूसा भंडारण, टीनशेड, छायादार संरचनाओं तथा सर्दी से बचाव हेतु की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ठंड के दृष्टिगत नियमित अंतराल में अलाव जलाए, गौशालाओं में गौवंशों हेतु शेड होनी चाहिए, खिड़कियों व दरवाजों को बोरे से ढका जाए, फर्श पर पुआल, भूसा या पेड़ की पत्तियां बिछाएं।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निराश्रित गोवंश को चिन्हित कर नियमानुसार गौआश्रय स्थलों में संरक्षित किया जाए तथा सड़कों, खुले स्थलों पर गोवंश विचरण की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए। साथ ही, गौआश्रय स्थलों के संचालन में स्वयंसेवी संस्थाओं एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने बैठक में निर्देश दिए कि बकरी पालन, सूअर पालन एवं भेड़ पालन आदि योजनाओं के अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को जोड़ा जाए तथा उन्हें योजनाओं का वास्तविक लाभ दिलाना जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी केयर टेकर का अनिवार्य रूप से वेरिफिकेशन कराने के निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जनपद की समस्त गौशालाओं में सीसीटीवी, सीपी प्लस कैमरे लगवाए जाएं, जिससे व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने गौशालाओं में साफ-सफाई, गौवंशों के समुचित देखभाल एवं संरक्षण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

# चन्द्रोदय मंदिर और केएम अस्पताल की स्वास्थ्य सेवा से 285 मरीज हुए लाभान्वित

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** केएम स्वास्थ्य की राजधानी केएम हॉस्पिटल के सौजन्य से वृंदावन चन्द्रोदय मंदिर के मुख्य व्यवस्थापक स्वामी अनंत वीर्य जी महाराज के सानिध्य में आज विधानसभा छाता के गांव सेही में स्थित अम्बेडकर भवन में विशाल स्वास्थ्य शिविर लगाया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में पहुंचे मरीजों को केएम अस्पताल के वरिष्ठ डाक्टरों सहित अन्य संस्थान के चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क परामर्श के साथ फ्री जांच, दवाएं वितरित की गई।

केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी ने बताया केएम मेडीकल कालेज एंड हॉस्पिटल तथा चन्द्रोदय मंदिर संस्थान संयुक्त रूप से पिछले कई महीनों से गांव-गांव में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर गरीब तबके के लोगों को उनके घर व गांव में अच्छे स्वास्थ्य के लिए निःशुल्क परामर्श के साथ फ्री जांच फ्री दवाएं मुहैय्या करा रहे है। केएम और चन्द्रोदय मंदिर अब तक 32 गांवों में शिविर लगा चुका है, जिसमें 9,857 ग्रामीण स्वास्थ्य परीक्षण सहित निःशुल्क दवाओं से लाभान्वित हुए हैं। सेही गांव में लगे निःशुल्क कैम्प में 285 मरीज लाभान्वित हुए है। सेही गांव के अम्बेडकर भवन में आयोजित शिविर में केएम हॉस्टिल के चिकित्सक डा. विशेष मोहन सक्सैना, डा. गुड़िया, डा. अंकिता, डा. आयुष ने सैकड़ों लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए नेत्र रोग, ब्लड प्रेशर, शुगर, अन्य बीमारियों की जांच निःशुल्क की और दवाएं भी फ्री दी। अस्पताल के मार्केटिंग मैनेजर आमीन खांन, मेडीकल कैम्प के समन्वयक दीपक कंसल, लोकेश सहित फार्मासिस्ट शिवम ने स्वास्थ्य शिविर की व्यवस्थाएं अच्छे से संभाली। वहीं ग्रामीणों ने बताया गांव सेही में इस स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाना हम सभी के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है, जहां केएम अस्पताल ने फ्री चिकित्सा के साथ दवाएं भी निःशुल्क दी है।

## सार संक्षेप

### ई वाहन चालकों की हुई नेत्र जांच



**मथुरा।** कल्याणं करोति नेत्र संस्थान जचौंदा के तत्वावधान में मकर संक्रांति के अवसर पर ई-रिक्शा चालकों का नेत्र परीक्षण शिविर लगाया गया। संस्थान शहर भर में शिविर लगाकर सभी ई वाहन चालकों के नेत्र रोगों का समाधान करने को कृत संकल्पित है। कृष्णा ग्रीन्स मैरिज होम सौंख रोड पर आयोजित शिविर में एक सैकड़ा चालकों ने नेत्र परीक्षण कराए। अनेक मरीजों को दवा बांटी गयी ? ।कुछ मरीज आपरेशन के लिए चुने गए।इस अवसर पर गोवर्धन क्षेत्र के विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह के प्रतिनिधि नरेंद्र प्रताप उर्फ राजा भैया, ई वाहन ब्यापार एसोसिएशन अध्यक्ष संजय यादव, फैसल रहमान उपाध्यक्ष, रिंकेश अग्रवाल महा सचिव, राहुल यादव जिला सचिव, बशीम सदस्य, आलिया आदि का सहयोग रहा। संस्थान के योगेश, राजकुमार वर्मा, पी आर ओ तरुण सिंह, औप्टोमिस्टस सेजना आदि ने मरीजों कि परीक्षण किया। शिविर में 4 मोतियाबिंद ,1 नखूना, 8 चश्मा व 63 मरीजों को दवा वितरित की गई।

### पुरातन छात्र सम्मेलन का भव्य आयोजन



**प्रयागराज।** सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शास्त्री नगर में 12 जनवरी 2026 को स्वदेशी अभियान, स्वामी विवेकानंद जयंती एवं पुरातन छात्र सम्मेलन का भव्य व प्रेरणादायक आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वदेशी रन से हुआ, जिसमें लगभग 300 छात्र-छात्राओं व आचार्य परिवार ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। स्वामी विवेकानंद जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर ओजस्वी उद्बोधन दिए गए। इस अवसर पर पुजारी मानव सेवा एवं प्रकृति संरक्षण संस्थान द्वारा निर्धनजनों को कंबल वितरित किए गए। पुरातन छात्र सम्मेलन में विद्या भारती के सह संगठन मंत्री डॉ. श्री राम मनोहर जी मुख्य अतिथि रहे, जबकि अध्यक्षता डॉ. रोहित गोपाल ने की।

### भाकियू महाशक्ति ने तिरंगा यात्रा निकालकर डीएम को प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**हापुड़।** भाकियू महाशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में जनपद हापुड़ मे तिरंगा यात्रा निकालकर जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन। राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह ने कहा है कि पूर्व सांसद विधायकों की पेंशन बंद कराने देश की रक्षा करने वाले सभी जवानों तथा उत्तर प्रदेश पुलिस की पेंशन चालू कराने पीआरडी होमगार्ड को 10 हजार रुपए प्रति महीना पेंशन देने की मांग सहित जनपद में आवारा गोवंशो के द्वारा फसलों में हो रहे नुकसान और रास्ते में आए दिन हो रही दुर्घटनाओं को लेकर गौशाला बनवाने और सभी आवारा गोवंशों को गौशाला भिजवाने व देहात में 18 घंटे बिजली देकर सुबह 9:00 तक लाइट दी जाए।

# थावर ग्राम प्रधान राज्य स्तरीय स्वास्थ्य कार्यशाला के लिए नामित

निर्मल सैनी वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** काकोरी विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत थावर की प्रधान माधुरी सिंह को लखनऊ में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय स्वास्थ्य कार्यशाला में नामित किया गया है।यह कार्यशाला आज होटल ताज में होगी, जिसका उद्देश्य प्रदेश में मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य सुधार पर रोडमैप तैयार करना है।माधुरी सिंह इस कार्यशाला में लखनऊ जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगी।

विकास खंड माल की ग्राम पंचायत थावर की ग्राम प्रधान माधुरी सिंह को स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में भाग लेने के लिए चुना गया है। कार्यशाला का मुख्य विषय ‘मातृ मृत्युदर, नवजात मृत्युदर, स्टंटिंग एवं वेस्टिंग पर रोडमैप’ है।प्रदेश भर से कुल दो ग्राम प्रधानों को इस महत्वपूर्ण कार्यशाला के लिए नामित किया गया है। इनमें हाथरस से ग्राम प्रधान प्रियंका तिवारी और लखनऊ से ग्राम प्रधान माधुरी सिंह शामिल हैं।इस कार्यशाला में ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उपायों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इसके अतिरिक्त, मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी लाने तथा कुपोषण जैसी चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए रणनीतियों पर भी मंथन किया जाएगा।

ग्राम प्रधान माधुरी सिंह के चयन पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है और इसे जनपद के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

# रोटरी क्लब मथुरा सेंट्रल की नवीन कार्यकारिणी गठित



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** अंतरराष्ट्रीय सामाजिक संस्था रोटरी इंटरनेशनल से संबद्ध रोटरी क्लब मथुरा सेंट्रल की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से कर लिया गया है। यह कार्यकारिणी रोटरी वर्ष 2026झ27 के लिए गठित की गई है, जिसका संचालन आगामी जुलाई माह से प्रारंभ होगा। रोटरी क्लब मथुरा सेंट्रल मथुरा जनपद में अपने विविध सामाजिक, शैक्षिक एवं सेवा कार्यों के लिए विशेष पहचान रखता है।

चुनाव अधिकारी सीए रोहित कपूर ने बताया कि क्लब की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी सभी पदों पर एकल नामांकन प्राप्त हुए, जिसके कारण किसी प्रकार के मतदान की आवश्यकता नहीं पड़ी। सभी सदस्यों की सहमति से कुल तेरह सदस्यों की नई कार्यकारिणी निर्वाचित घोषित की गई, जो आगामी वर्ष में क्लब की गतिविधियों का नेतृत्व करेगी।

नवगठित कार्यकारिणी में सोनल अग्रवाल को अध्यक्ष, डॉ. आशुतोष शुक्ला को अध्यक्ष निर्वाचित, अंकुर कुलश्रेष्ठ को उपाध्यक्ष तथा डॉ. रोली बंसल को सचिव चुना गया है। इसके अतिरिक्त नितिन मित्तल को संयुक्त सचिव, विवेक मित्तल को कोषाध्यक्ष तथा नितिन खंडेलवाल, नितिन भटनागर, अपूर्व अग्रवाल, श्वेता खंडेलवाल, आरती कपूर और प्रतिभा गर्ग को निदेशक नियुक्त किया गया है। शिखर अग्रवाल को सार्जेंट एट आर्म्स की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

नई कार्यकारिणी के निर्वाचन पर पूर्व मंडल अध्यक्ष नीरव निवेश अग्रवाल, क्लब अध्यक्ष नरेश बर्मन, सचिव नेहा अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष केडी अग्रवाल, बीवी कालरा, प्रदीप अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## पिता की हत्या करने वाला बेटा गिरफ्तार आलाकत्ल लाइसेंसी बंदूक बरामद

**बुलंदशहर।** अबुजर पुत्र ताहिर निवासी ग्राम अकबरपुर थाना कोतवाली देहात जनपद बुलंदशहर ने थाना कोतवाली देहात पर तहरीर दी कि उसके भाई अबुबकर ने कहा सुनी को लेकर उसके पिता मौ0 ताहिर की लाइसेंसी बन्दूक से गोली मारकर हत्या कर दी है। इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली देहात पर मुअसं-23/26 धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया।विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में पुलिस द्वारा दिनांक 13.01.2026 को घटनास्थल से लाइसेंसी बन्दूक व खोखा कारतूस को कब्जे में लिया गया था तथा आज दिनांक 14.01.2026 को अभियुक्त अबुबकर को अडौली नहर के पास से गिरफ्तार किया गया।अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली देहात पर पंजीकृत अभियोग में धारा 27 शस्त्र अधि0 की वृद्धि करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# व्यापारी नेता गणेश पहलवान की हत्या की सुपारी लेने वाले दो शूटर मुठभेड़ में गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** व्यापारी नेता गणेश पहलवान की हत्या के लिए 2 लाख रुपये की सुपारी लेने वाले शूटरों को थाना गोवर्धन पुलिस और स्वाट टीम ने संयुक्त कार्रवाई में पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से दो तमंचे, कारतूस और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है।इस कार्यवाही से गोवर्धन क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

पुलिस के अनुसार मुठभेड़ 13 जनवरी की देर रात जतीपुरा से कच्चे ई-रिक्शा मार्ग की ओर गोवर्धन आते समय हुई ।पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान समसुद्दीन उर्फ भोला (22) और नीरज (20) निवासी अगरियाला थाना शेरगढ़, मथुरा के रूप में हुई है। दोनों आरोपी हत्या के प्रयास के मुकदमे में वांछित चल रहे थे। कड़ी पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि व्यापारी नेता गणेश पहलवान और उनके पड़ोसी दुकानदार अन्नू तिवारी के बीच आपसी झगड़ा चल रहा था। रंजिश के चलते पड़ोसी दुकानदार अन्नू तिवारी ने नारायण उर्फ आरव के माध्यम से हत्या की सुपारी दी थी। सौदे की रकम 2 लाख रुपये तय हुई थी जिसमें से अग्रिम 5-5 हजार रुपये शूटरों को दिए गए थे। बीती 4झ5 जनवरी 2026 की रात आरोपियों ने गोवर्धन के दानघाटी क्षेत्र में गणेश पहलवान की पहचान कर मानसी गंगा रोड से घर की ओर जाते समय उन पर फायरिंग की। हालांकि शोर मचने पर व्यापारी नेता बाल-बाल बच गए और आरोपी मौके से फरार हो गए।सुपारी की रकम पूरी न मिलने और लगातार दबाव के चलते आरोपी 13 जनवरी को दोबारा हत्या की नीयत से पहुंचे तभी पुलिस ने उन्हें घेर लिया।

पुलिस के अनुसार खुद को घिरा देख आरोपियों ने फायरिंग की जिसके जवाब में पुलिस ने भी कार्रवाई की और दोनों शूटरों को काबू कर लिया।

# दबंग भूमाफिया ने कस्बा महावन में कराया फर्जी बैनामा, दे रहे धमकी

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** जनपद मथुरा के थाना महावन में फर्जी बैनामा तैयार कर मालिकाना हक लेने की कोशिश कर रहे भूमाफियाओं के खिलाफ फारूख पुत्र इकराम निवासी शेखपाड़ा महावन ने पुलिस कप्तान शिकायती पत्र दिया है।पुलिस प्रशासन से ऐसे शातिरों के खिलाफ कठोर कार्रवाई कर रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार लगाई है। महावन पुलिस के साथ मिलकर आरोपी शातिर अपराधी पीड़ित को लगातार धमकी दे रहे है।

पीड़ित फारूख ने एसएसपी महोदय को दिये शिकायती पत्र में बताया है कि उसकी मथुरा सादाबाद मार्ग स्थित सम्पत्ति है।जिसमे मकान व दुकाने वनी हुई तथा खाली प्लॉट है।उक्त सम्पत्ति को उसने व उसकी पत्नी ने सम्पत्ति की स्वामिनी श्रीमती जगेना द्वारा पंजीकृत वैनामें के जरिये 11-09-23 को खरीदा था।और तभी में उक्त सम्पत्ति पर काविज व दाखिल है।इसी सम्पत्ति से लगा हुआ मकान नफीस अहमद पुत्र हनीफ अहमद निवासी महावन व खुर्शीद अहमद पुत्र हनीफ अहमद नि०- लालाराम मार्ग हरदेव गंज थाना कोसीकलां मथुरा का है। ये दोनो भाई शातिर व आपराधिक प्रवृति के है। इनकी निगाह क्रय की गई सम्पत्ति पर थी और वे लोग केवल ब्लैकमेल करने की नियत से इस सम्पत्ति को अपने रिश्तेदारो की होना जाहिर किया करते थे। अतः श्रीमती जरीना द्वारा उक्त सम्पत्ति का वैनामा उसके व उसकी पत्नी के पक्ष में किया जाना उन्हें नागवार लगा। और सम्पत्ति को विवादित बनाने के लिये तथा ब्लैकमेल करने के उद्देश्य में बैनामे को निरस्त कराने के लिये दीवानी वाद दायर कर दिया।जब उक्त बाद में उन्हें सफलता नहीं मिली तो उन्होंने राजनसिंह, राजेश कुमार, हरिकेश कुमार व बाजेश यादव पुत्रगण श्रीनारायण निवासीगण नगला हरजीवन थाना महावन के साथ साजिश करके दो हिस्सों में मेरी व मेरी पत्नी द्वारा सन 2023 में क्रय की गई सम्पत्ति के कूटरचित बैनामें दिनांक 08-12-2025 व 10-12 2025 को तैयार कराकर उनके पक्ष में करना दर्शा दिया। जब कि राजन सिंह आदि क्रेतागण बखूबी जानते ये कि खुशीर्द अहमद व नफीस अहमद न तो विक्रय की गई सम्पति के मालिक थे और न ही उन्हें उक्त सम्पत्ति को विक्रय करने का कोई अधिकार था। उक्त कूटरचित वैनामों पर साकिर खाँ पुत्र साविर नि०-शेखपाड़ा महावन व अजीत कुमार पुत्र श्याम सुन्दर नि०- नगला हरजीवन थाना महावन ने गवाही दी है। अब इन कूटरचित वैनामों के कथित क्रेतागण राजन सिंह आदि मुझे अपनी सम्पत्ति से बेदखल करना चाहते हैं। और इसके लिये असमाजिक तत्वों का महारा ले रहे हैं। 21 दिसम्बर को राजन सिंह वगैरह अपने मिलने वाले पुलिस कर्मियों को लेकर आये और उन्होंने मुझे व मेरे भाई हारून व हमारे प्लॉट पर हमारी भैंसों को हटवाकर जबरन खाली करवाने की हमें धमकी दी। यहाँ तक धमकी दी कि अगर यह प्लॉट हफ्ते भर में खाली नहीं किया तो किसी भी केस में जेल भेज देंगे।

# सिरसा में वैश्य महासंघ का प्रतिभा सम्मान एवं समरसता भोज, शिक्षा व राजनीतिक सहभागिता पर दिया गया जोर

वेलकम इंडिया



**प्रयागराज।** भारतीय राष्ट्रीय वैश्य महासंघ के तत्वावधान में सिरसा स्थित स्वयंवर गेस्ट हाउस में प्रतिभा सम्मान एवं समरसता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन साहू समाज के वरिष्ठ नेता हरिओम साहू ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रयागराज के सांसद उज्ज्वल रमण सिंह तथा विशिष्ट अतिथि समाजवादी साहू राठौर सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रकांता साहू, कृष्ण कुमार साहू, राजेश पर और गोपीगंज नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व ब्लॉक प्रमुख जंगी लाल गुप्ता ने की। मुख्य वक्ता के रूप में मुकेश साहू और प्रदीप संवारा ने अपने विचार रखे।

इस अवसर पर समाज के मेधावी विद्यार्थियों, सेवानिवृत्तजनों को सम्मानित किया गया तथा गरीब व असहाय लोगों को कंबल वितरित किए गए। मंगरू, सुषमा गुप्ता और लालचंद को ट्राइसाइकिल भी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन कर दवाओं का वितरण किया गया।

मुख्य अतिथि सांसद उज्ज्वल रमण सिंह ने कहा कि साहू समाज को शिक्षा के साथ-साथ राजनीतिक भागीदारी पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, क्योंकि राजनीतिक रूप से सशक्त समाज का विकास तेज होता है। उन्होंने समाज के हित में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में सुखलाल साहू, मनोज कुमार गुप्ता, गोरेलाल, अंजनी गुप्ता, कृष्णमणि गुप्ता, अशोक कुमार, रामपति और तेज बहादुर गुप्ता सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक भारतीय राष्ट्रीय वैश्य महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गुप्ता आदि रहे।

# पुलिस पर हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** थाना सीबीगंज पुलिस पर हमला करने के बाद करीब तीन माह से फरार चल रहे 25 हजार के इनामी बदमाश को आखिरकार सीबीगंज पुलिस ने एक स्थान से गिरफ्तार कर लिया, गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आपको बता दें कि बीती 15 अक्टूबर दिन बुधवार दोपहर को सीबीगंज के गांव खतौला निवासी गोवंशीय तस्करी के मामले में वारंटी नसीम को पकड़ने के लिए मुखबिर की सूचना पर उप निरीक्षक शिवम तोमर ने अपनी टीम के साथ आरोपी के घर दबिश दी थी और उसे गिरफ्तार कर लिया था।

इसी दौरान आरोपी के परिजनों ने पुलिस पर लाठी डंडों से हमला कर दिया था और आरोपित को छुड़ा लिया था। अपने आप को घिरता देख उपनिरीक्षक शिवम तोमर अपनी टीम के साथ जान बचाकर मौके से भाग निकले थे।जिसके बाद हलका इंचार्ज ने महिला सहित सात नामजद व तीन चार अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी।जिसके बाद से ही मुख्य आरोपी फरार चल रहा था।आरोपित अलग-अलग स्थान बदल रहा था। जिससे परेशान होकर 19 अक्टूबर को एसएसपी अनुराग आर्य ने आरोपी पर 25 हजार का इनाम घोषित कर दिया था। बुधवार सुबह करीब 8:30 बजे सर्विलांस सैल द्वारा पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी नसीम सीबीगंज के गांव कासमपुर रोड पर खड़ा है।जिसके बाद पुलिस ने मौके पर दबिश देकर आरोपी को घेरा बंदी कर गिरफ्तार कर लिया और उसके विरुद्ध लिखा पढ़ी कर न्यायालय में पेश किया।जहां से उसे जेल भेज दिया गया।हालांकि पुलिस इस मामले में आरोपी कि पत्नी को पहले ही जेल भेज चुकी है।गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप चतुवेर्दी, वरिष्ठ उप निरीक्षक विपिन तोमर, उप निरीक्षक सोमपाल, प्रधान आरक्षी अरविंद कुमार, नुकुल बालियन आदि शामिल रहे।

## फर्जी फर्म रजिस्टर्ड कर 04 करोड़ की जीएसटी चोरी करने वाला एक अभियुक्त गिरफ्तार

**बुलंदशहर।** वादी धर्मपाल सिंह राज्य कर अधिकारी बुलंदशहर ने थाना कोतवाली नगर पर तहरीर दी कि समीक्षा करने पर पाया गया कि रजिस्ट्रड फर्म सर्व श्री टीएस एन्टर प्राइजेज द्वारा 04 करोड़ की जीएसटी चोरी की गयी है।उक्त के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अपराध नरेश कुमार के नेतृत्व में एसआईटी(रकळ) का गठन किया गया। जांच/ विवेचना के क्रम में रजिस्ट्रड फर्म सर्व श्री टीएस एन्टर प्राइजेज फर्जी पायी गयी। उक्त क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस व साइबर सेल टीम द्वारा दिनांक 13.01.2026 को प्रकाश में आये अंकित उर्फ गुलशन पुत्र जगमोहन निवासी एफ-210 सैक्टर-05 दक्षिण पुरी थाना अम्बेडकर नगर दिल्ली से एक अभियुक्त को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया।

## पुलिसकर्मियों द्वारा मानसिक रूप से कमजोर महिला को उसके परिजनों की तलाश कर सकुशल सुपुर्द किया

**बुलंदशहर।** बुधवार को डायल-112 पर सूचना प्राप्त हुई कि एक अनजान महिला थाना नरौरा क्षेत्रान्तर्गत उमेश पुरी, बाल्मिकी बस्ती में बैठी हुई है जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नही है तथा अपना नाम व पता बताने में असमर्थ है। सूचना पर तत्काल पीआरवी-6609 द्वारा मौके पर पहुँचकर महिला के बारे में आसपास जानकारी की गयी तो महिला के परिवार की जानकारी नही हो पायी। पीआरवी पुलिस कर्मियों द्वारा महिला के बैग से उसका आधार कार्ड बरामद किया जो थाना अहार क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मोहरसा कि निवासिनी है। पुलिस द्वारा अथक प्रयास कर महिला के भाई से सम्पर्क कर तत्काल मौके पर बुलाया गया तो उसके भाई द्वारा वाहन उपलब्ध न होने के कारण आने में असमर्थता जताई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में पीआरवी-6609 पर तैनात का0 शनि पंवार, का0 आकाश कुमार, होमगार्ड चालक हरीश कुमार व थाना नरौरा पर नियुक्त म0है0का0 रीतू चौधरी द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए महिला को पीआरवी वाहन द्वारा ग्राम मोहरसा थाना अहार जनपद बुलंदशहर सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

# गुमटी में लगी आग लाखों का सामान जला

**वेलकम इंडिया/संदीप तिवारी**



**मिजार्मुराद कछवारोड़।** क्षेत्र के चक्रपानपुर गांव (मिजार्मुराद) स्थित एक गुमटी में रहस्यमय परिस्थितियों में आग लग गया ।जिससे नगदी समेत डेढ़ लाख का किराना का सामान जलकर राख हो गया।

जानकारी के अनुसार चक्रपानपुर गांव (मिजार्मुराद) निवासी सुरेन्द्र राजभर घर से थोड़ी दूर पर एक गुमटी रखकर उसमें किराना का सामान रखकर बेचता है ।पीड़ित सुरेन्द्र ने बताया कि मंगलवार की रात दस बजे दुकान बंदकर घर चला गया। करीब एक घंटे बाद न जाने कैसे गुमटी में आग लग गया ।आग की लपट देकर आसपास की महिलाओं के चिल्लाने पर आवाज देने पर मौके पर पहुंचकर देखा तो नगदी समेत सारा सामान जलकर राख हो चुका था ।किस परिस्थितियों में दुकान में आग लगी ये जानकारी नही हो पाया घटना के बाबत पीड़ित द्वारा 112 नंबर पुलिस को सूचना दिया गया और बुधवार की दोपहर में पीड़ित मिजार्मुराद थाने पहुंच तहरीर दिया।

पीड़ित ने बताया कि दुकान में मोबाइल, 6 हजार रुपया नगद, उधारी बाड़ी का रजिस्टर, टिना का तेल रिफाई, सरसो, दाल, चावल, साबू, नमक, कपडे धोने का पाउडर समेत किराना से जुड़ी सामग्री जलकर राख हो गया ।जले हुए सामान की कीमत लगभग डेढ़ लाख बताया गया। मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि तहरीर मिली है आग कैसे लगा जांच-पड़ताल किया जा रहा है।

## मोहम्मद हादी राप्रपा के जिलाध्यक्ष मनोनीत



**संतकबीरनगर।** राष्ट्रीय प्रजा राज्य पार्टी (राप्रपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष तनवीर अहमद सनी व प्रदेश अध्यक्ष जयराम गौतम के सहमती से पूर्वांचल अध्यक्ष मो नवाज शेरवानी ने मोहम्मद हादी को सन्तक बीर नगर जिलाध्यक्ष मनोनीत किया। उक्त मनोनयन पर राप्रपा अध्यक्ष मेहदावल विधान सभा के लोकप्रिय युवा नेता व राप्रपा अध्यक्ष तनवीर अहमद सनी, महिला प्रभारी प्रियंका निषाद, सुश्री रिमशा पुर्वांचल अध्यक्ष नवाज शेरवानी, श्रीराम कसेरा, मौलाना मुदस्सिर हुसैन अंसारी, अब्दुल रहीम अंसारी राजू निषाद,डा सन्त बृजेश्वर प्रदेश प्रवक्ता अमीरुद्दीन अंसारी गोरखपुर जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश निराला, महराजगंज जिला प्रभारी तनवीर खान, युवा जिलाध्यक्ष अमजद खान. अमीन. प्रीति राव, शर्मिला गौतम, राजकुमार, शकील अहमद शहजादे, अफताब अंसारी, राजू निषाद, रामनयन निषाद नेहा अंसारी सानिया अंसारी बधाई दी।

# विनायक अस्पताल में महिला की मौत से हंगामा, पति पर जहर देकर हत्या का आरोप

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**




**बरेली।** किला थाना क्षेत्र के खन्नू मोहल्ला में एक महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। महिला को उसका पति विनायक अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही मायके पक्ष के लोग अस्पताल पहुंच गए और पति पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मृतका के पिता इंतेजार हुसैन ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी शहनाज का निकाह करीब आठ साल पहले खन्नू मोहल्ला निवासी माजिद के साथ किया था। माजिद दवा कंपनी में सेल्समैन है।

परिजनों का कहना है कि शादी के बाद से ही शहनाज को घरेलू हिंसा का सामना करना पड रहा था। बुधवार सुबह करीब 9 बजे माजिद ने मायके पक्ष को फोन कर शहनाज की तबीयत खराब होने की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिजन विनायक अस्पताल पहुंचे, लेकिन तब तक शहनाज की मौत हो चुकी थी। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल पहुंचने पर महिला के मुंह से झाग निकल रहे थे, जिससे जहर देने की आशंका जताई जा रही है। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के भाई मोहसिन ने सीधे तौर पर माजिद पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया। उसका कहना है कि शहनाज को लंबे समय से प्रताड़ित किया जा रहा था और इसी वजह से उसकी हत्या की गई है। घटना की सूचना पर सीओ सेकेंड सोनाली मिश्रा और किला इंस्पेक्टर सुभाष विनायक अस्पताल पहुंचे और परिजनों से पूछताछ की। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण स्पष्ट होंगे, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सार संक्षेप

### निरंकारी संत समागम में उमड़ा भक्तों का जन सैलाब



**मिजार्मुराद कछवारोड़।** मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के कछवांरोड नहर के समीप पुराने सिनेमा हॉल के पास बुधवार को निरंकारी संत समागम का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में भक्तों ने लंगर में प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर वाराणसी के जोनल इंचार्ज सिद्धार्थ शंकर सिंह ने सत्संग के दौरान कहा कि सच्ची श्रद्धा भक्ति एवं सुमिरन करने वाले को ही सतगुरु परमात्मा से मिलन कराते हैं उन्होंने कहा कि ओमकार निराकार है सतगुरु ही एक माध्यम है जो परमात्मा की पहचान कर देते हैं और सच्ची श्रद्धा सेवा भक्ति परमात्मा के प्रति समर्पण भाव रखने वाले भक्त को भगवान का दर्शन कर देते हैं इस मौके पर कछवां मंडल के इंचार्ज भृगु नाथ ने भक्तों को सतगुरु के प्रति सेवाभाव उनके सानिध्य में रहकर परमात्मा के दर्शन के लिए भक्तों को चलने के लिए सत्संग में लोगों को मार्गदर्शन किया ।इस अवसर पर कछवांरोड संत निरंकारी आश्रम के भक्तों में ओमप्रकाश मौर्य, अर्जुन भोजवाल, फून्नी लाल बिंद, घिनहू बिन्द सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### असहायों की सेवा ही सच्ची समाज सेवा : अखंड प्रताप सिंह



**वाराणसी मिजार्मुराद।** भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि समाज के असहायों, गरीबों व जरूरतमन्दों की सेवा करना ही सच्ची समाज सेवा हैं ।ऐसे नेक काम के लिए समाज के अन्य लोगो को भी आगे आना चाहिए ।भाजपा नेता सत्यप्रकाश उर्फ अखंड प्रताप सिंह बुधवार को हरहुआ के ग्राम पंचायत घमहापुर के सचिवालय पर आयोजित कंबल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे ।उन्होंने भाजपा सरकार द्वारा गरीबो के हित मे चलाई जा रही योजनाओं पर प्रकाश डाला ।ठंड के मौसम में कंबल पाकर असहायों के चेहरे खिल उठे ।अध्यक्षता करते हुए ग्रामप्रधान पवन कुमार सिंह ने कहा कि सेवा धर्म निभाते हुए ठंड से बचने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस दौरान दो सौ वृद्धों, गरीबों, दिव्यांगों एवं निराश्रितों को कंबल वितरित किया गया ।संचालन कमलेश पटेल ने किया। कंबल वितरण में प्रमुख रूप से विनय सिंह 'हिटलर', सरिता सिंह पटेल, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, मंगला पांडेय, उदित नारायण, नन्दिनी पटेल, कलावती पटेल, आलोक प्रजापति, संजय सिंह, छेदीलाल गोंड, इंद्रेश कुमार समेत कई सम्मानित जन उपस्थित रहे।

### 16 जनवरी से रामनगर में तीन दिवसीय पांचाल महोत्सव, 13 विभागों के लगेंगे स्टाल

**वेलकम इंडिया/खालिद खान**

**बरेली।** रामनगर के श्री अहिच्छत्र पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर परिसर में पांचाल महोत्सव शुक्रवार यानी 16 जनवरी से शुरू होने जा रहा है। यह महोत्सव तीन दिन तक चलेगा। इस बार महोत्सव की कमान जिला प्रशासन ने संभाली है। पिछले वर्षों में महोत्सव स्थानीय स्तर की व्यवस्थाओं पर आयोजित होता रहा है। महोत्सव को खूबसूरत बनाने के लिए भजन-गायन कार्यक्रम के प्रबंध की जिम्मेदारी जिला प्रशासन ने पर्यटन विभाग को दी है। आयोजन में 13 विभागों के स्टॉल भी लगाए जा रहे हैं, जहां आम जनता को विभिन्न योजनाओं का लाभ भी मिलेगा। स्वास्थ्य की जांच भी करा सकेंगे। महोत्सव का आयोजन पांचाल महोत्सव समिति अहिच्छत्र करा रही है। यह कार्यक्रम 18 जनवरी तक चलेगा। इस संबंध में सीडीओ देवयानी ने संबंधित सभी 13 विभागों के अधिकारियों को निर्देश भी जारी कर दिए हैं। सीडीओ ने महोत्सव के लिए नामित प्रभारी अधिकारियों को बृहस्पतिवार को आयोजन स्थल का निरीक्षण कर लेने को भी कहा है। सीडीओ ने नामित प्रभारी अधिकारियों को बताया है कि पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह और डीएम अविनाश सिंह महोत्सव में लगे स्टॉलों का भी निरीक्षण करेंगे। स्वास्थ्य विभाग अपने स्टॉल पर रोगियों के स्वास्थ्य की जांच करेगा। आवास योजनाओं के स्टॉल पर पीडी चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव लोगों को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना की जानकारी देंगे। आवेदन भी प्राप्त करेंगे।

# पुलिस अधीक्षक ने मकर संक्रांति मगहर मेला का किया निरीक्षण

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** बुधवार को पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह की उस्थिति में मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाले मगहर मेला के दृष्टिगत सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्रांतर्गत मगहर मेला स्थल का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, उनके सुगम एवं सुरक्षित आवागमन, यातायात प्रबंधन, रूट डायवर्जन, साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, भीड़ नियंत्रण एवं आपातकालीन व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया ।

उन्होंने मेला प्रबंधन समिति तथा मौके पर उपस्थित पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण से वार्ता कर मेला अवधि के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।

उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि मेला स्थल पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए तथा श्रद्धालुओं को सौहार्दपूर्ण, सुरक्षित एवं सुचारु वातावरण उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को सतर्क रहते हुए ड्यूटी का निर्वहन करने के निर्देश दिए ।इस दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद पंकज कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक पीआरओ पी.के. गुप्ता सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षो में मारपीट

**संतकबीरनगर।** थाना दुधारा क्षेत्र के कम्हरिया करमाखुर्द में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। सूचना मिलने पर पहुंची पीआरवी ने घायलों को सीएचसी सेमरियावां पहुंचाया। दुधारा थाना क्षेत्र के कम्हरिया करमाखुर्द में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में विवाद/ मारपीट के कारण घायल 03 व्यक्तियों इन्द्रवती पत्नी कोइल, किसानी पुत्र झगरू श, ईश्वर पुत्र रामप्रसाद निवासीगण कम्हरिया करमाखुर्द थाना दुधारा के सम्बन्ध में सूचना दिया,सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों हे0का0 धनन्जय सिंह, का0 सत्यनारायण सिंह, हो0गा0चा0 बृजेश यादव ने त्वरित गति से घटनास्थल पर पहुँचकर मारपीट विवाद में घायलों को 108 एम्बुलेंस की सहायता से ईलाज हेतु सी0एच0सी0 सेमरियावा भेजवाया गया ।

## पुलिस ने फरार अभियुक्तों के घर की गई कुर्की की कार्यवाही की



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अमित कुमार के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद पंकज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में अपराध निरीक्षक श्री राकेश कुमार सिंह, उ0नि0 श्री हरिकेश बहादुर सिंह, उ0नि0 श्री इल्ताफ खाँ, का0 मृत्युंजय यादव, का0 अनिल कुमार, म0का0 मीना यादव ने फरार अभियुक्तों के विरुद्ध कुर्की की कार्यवाही की ।थाना कोतवाली खलीलाबाद पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 137/2025, धारा 103(1), 238, 3(5), 315, 317(2),61(2) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्तगण 01. ओमप्रकाश 02.जयप्रकाश 03. श्याम पुत्रगण बसन्तलाल निवासीगण बैरमपुर थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर के घर दबिश दी गई, परन्तु अभियुक्तगण मौके पर उपस्थित नहीं मिले ।दबिश के उपरान्त न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जनपद संतकबीरनगर द्वारा धारा 85 बीएनएसएस के आदेश के क्रम में अभियुक्तगण के घरों में उपलब्ध चल सम्पत्तियों की कुर्की की कार्यवाही विधि सम्मत रूप से की गई ।

# पूर्व सैनिक और वीर नारियों को सम्मान से नवाजा गया

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**



**बरेली।** सैन्य स्टेशन पर बुधवार को 10वीं सशस्त्र बल वेटरंस (पूर्व सैनिक) दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने समारोह में आये हुए लोगों का मन मोह लिया और सेना के बैंड की धुनों ने देश प्रेम का संदेश दिया। इस समारोह में 80 वर्ष पार बुजुर्ग पूर्व सैनिकों को सम्मान से नवाजा गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर भारत क्षेत्र के अति विशिष्ट सेना मेडल से सम्मानित जनरल कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट जनरल डीजी मिश्रा रहे। साथ ही, उत्तर भारत क्षेत्र के चीफ ऑफ स्टाफ हेडक्वार्टर मेजर जनरल आईएस गिल समेत अन्य वरिष्ठ सैन्य अफसर मौजूद रहे। इन्होंने 80 वर्ष पार के बुजुर्ग पूर्व सैनिक, युद्ध पूर्व सैनिक, वीर नारियों को सम्मानित किया। फिर झांज, खुकरी नृत्य, गतका, सैन्य बैंड प्रदर्शन हुए। स्पर्श, एक्स-सर्विसमेन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ईसीएचएस), बैंक, रोजगार एजेंसी के स्टॉलों ने पेंशन, स्वास्थ्य, वित्तीय, नौकरी संबंधी जानकारियां दीं। मिलिट्री हॉस्पिटल टीम ने स्वास्थ्य जांच की। वेटरन फैसिलिटेशन सेल ने आर्मी वेलफेयर प्लेसमेंट ऑर्गनाइजेशन (एडब्ल्यूपीओ) के नियोक्ताओं ने पूर्व सैनिकों को नौकरियों के बारे में बताया। पूर्व सैनिको की हैंडबुक का विमोचन हुआ। आयोजन में अखिल भारतीय पूर्व सेवा परिषद का सहयोग रहा। करगैना निवासी सेवानिवृत्त सूबेदार बीडी शर्मा ने बताया कि उन्होंने 17 साल की उम्र में वे सेना में सिपाही पद पर भर्ती हुए थे। 1962 के युद्ध में टैंक ड्राइवर थे। 1965 में तोपखाना और 1971 में वायुसेना से अटैच थे। सेवा मेडल और रक्षा मेडल से सम्मानित हुए।

# सेल्समैन की पत्नी की संदिग्ध मौत मायके ने लगाया हत्या का आरोप

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** थाना किला क्षेत्र में एक महिला की रहस्यमयी मौत ने इलाके में सनसनी फैला दी है। जहर खाने से 35 वर्षीय शहनाज की मौत के बाद मायके पक्ष ने पति और ससुरालियों पर जहर देकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत की असली वजह अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही साफ हो पाएगी। मृतका शहनाज, थाना किला के सुर्खा बानखाना निवासी इंतजार हुसैन की बेटी थी। उसकी शादी किला क्षेत्र के खन्नू मोहल्ला निवासी माजिद से आठ साल पहले हुई थी, जो सेल्समैन का काम करता है। मायके वालों का आरोप है कि पति-पत्नी के बीच अक्सर झगड़े होते रहते थे, जिसको लेकर शहनाज कई बार परेशान भी रही थी। परिजनों का कहना है कि इसी घरेलू कलह के चलते उसकी हत्या की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। मृतका के भाई मोहसिन के अनुसार, सुबह अचानक सूचना मिली कि शहनाज की तबीयत गंभीर हो गई है। जब परिजन निजी अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि शरीर से झाग निकल रहा था, जिससे जहर की आशंका और गहराती जा रही है। पति माजिद का कहना है कि शहनाज ने खुद कोई जहरीला पदार्थ खा लिया, जबकि मायके पक्ष साफ तौर पर इसे आत्महत्या मानने से इनकार कर रहा है और आरोप लगा रहा है कि उसे जबरन जहर दिया गया। घटना के बाद दोनों परिवारों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। सबसे मार्मिक दृश्य उस वक्त सामने आया जब मृतका की 6 साल की मासूम बेटी बार-बार यही कहती नजर आईऱ रात से मम्मी नहीं उठीं। बच्ची की हालत देखकर मौजूद लोगों की आंखें नम हो गई। किला पुलिस का कहना है कि फिलहाल कोई लिखित तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले की गहन जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# साइबर ठग ने महिला को लगाया 2.62 लाख का चूना

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** थाना भुता क्षेत्र की एक महिला के साथ साइबर ठगों ने बेहद शातिराना अंदाज में 2 लाख 62 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी को अंजाम दे दिया। फेसबुक पर भावनात्मक जाल बिछाकर खुद को एनसीआरबी (नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो) से जुड़ा बताने वाले अज्ञात व्यक्ति ने पहले सोने की ज्वैलरी दान करने का लालच दिया, फिर एक के बाद एक फर्जी बहानों से महिला से मोटी रकम ऐंठ ली। इस घटनाक्रम में पीड़िता रजनी सिंह, निवासी ग्राम बेवल बसंतपुर थाना भुता के अनुसार, 07 जनवरी 2026 को फेसबुक पर एक विज्ञापन दिखा, जिसमें एक व्यक्ति ने लिखा था कि उसका कोई नहीं है और वह किसी को भाई या बहन बनाकर अपनी सोने की ज्वैलरी दान करना चाहता है। भावनात्मक बातों में आकर महिला ने उससे संपर्क किया। अगले ही दिन आरोपी ने महिला को मोबाइल नंबर दिया और ज्वैलरी भेजने के नाम पर आधार कार्ड व फोटो मांगे। भरोसा दिलाकर दस्तावेज हासिल कर लिए गए। कुछ ही समय बाद आरोपी ने खुद को मुंबई एयरपोर्ट पर बताते हुए कहा कि ज्वैलरी भेजने के लिए 18 हजार रुपये देने होंगे। क्यूआए कोड भेजा गया और महिला ने फोन-पे के जरिए रकम ट्रांसफर कर दी। इसके बाद परमिशन लेटर के नाम पर फिर से पैसे मांगे गए। ठगी का सिलसिला यहीं नहीं रुका, 10 जनवरी 2026 को आरोपी ने फोन कर कहा कि उसकी गाड़ी से एक्सीडेंट हो गया है,

पुलिस कार्रवाई का डर दिखाकर 2 लाख रुपये की मांग की गई।

# एडुग्लोरी फाउंडेशन ने किया नशा मुक्त समाज संकल्प कार्यक्रम का आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**बागपत (विवेक जैन)।** हिसावदा गांव में एडुग्लोरी फाउंडेशन के तत्वावधान में नशा मुक्त समाज सामूहिक जिम्मेदारीझसाझा संकल्प कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरन सिंह ने कहा कि नशा समाज में एक कोढ़ है, जिसका इलाज बहुत जरूरी है। समाज में वह ताकत है जो किसी भी बुराई को समाप्त कर सकता है। जागरुकता अभियानों के द्वारा नशे जैसी बुराई को समाप्त किया जा सकता है। सरकार भी ठेके खोलने बंद करे एवं विद्यालयों पर ध्यान दे। माता- पिता को भी संस्कारयुक्त जीवन जीना चाहिए, जिससे बच्चें उनका अनुसरण करें। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने नशा मुक्त समाज के लिए हस्ताक्षर कर नशा न करने का संकल्प लिया। ललित राणा प्रवक्ता ने कहा कि युवा पीढ़ी को संभालने की जरूरत है। चुनावों में शराब बांटी जाती है, जिससे युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में आती है। ठेके बंद होने चाहिए, इससे काफी सुधार होगा। एडवोकेट सोमेंद्र ढाका ने कहा कि अपराध बढ़ रहे हैं, जिसका कारण नशा है। वैवाहिक जीवन खत्म हो रहा है नशे के कारण। अच्छे लोगों के निष्क्रिय होने के कारण नशा बढ़ रहा है। नशा मुक्त समाज बनाने की जरूरत है। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनु मलिक ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। अध्यक्षता स्वामी कृष्ण विश्रुतपाणी जी महाराज तथा संचालन कार्यक्रम के संयोजक अरुण मलिक ने किया। इस अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति जी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, सुप्रसिद्ध समाजसेवी दिनेश जैन सराय वाले, विकास मलिक, विनय ढाका, अनुज मलिक, दीपक शर्मा, परवेज अहमद, नवीन मलिक, आर्यन, चैतन्य, विहान, चितवन सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# जिले के युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए दिलाई शपथ



**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़।** जनपद के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हापुड़ अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार के निर्देशन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव/सीजेएम, सौरभ कुमार वर्मा जी के नेतृत्व में मोती कॉलोनी सिकंदर गेट पर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से राष्ट्रीय युवा दिवस (नेशनल यूथ दिवस) पर नशा मुक्त भारत विषय को लेकर एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में पराविधिक स्वयंसेवक अशोक कुमार के द्वारा नशीले पदार्थों से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया गया की नशे के चक्कर में हमारा युवा कैसे भ्रमित हो रहा है उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने के लिए आह्वान किया और उन्हें नशा मुक्ति अभियान के तहत शपथ दिलाई। इसके अलावा नशा मुक्ति के लिए जारी हेल्पलाइन नंबर 1933,14446 तथा 15100 के बारे में बताया। इसके अतिरिक्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा महिला उत्पीड़न, बाल श्रम, बाल उत्पीड़न, ऐसा है गरीब लोगों को निशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने आदि के संबंध में जानकारी दी। शिविर में पराविधिक स्वयंसेवक अनुज कुमार, निशा निगम, विनीत कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष दानिश कुरेशी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यों की सराहना की और लोगों से अपील की कि वह न्याय विभाग के द्वारा दी जा रही से सुविधा का लाभ जरूर उठाएं।

# भारतीय सशस्त्र बलो के पूर्व सैनिकों के प्रति कृतज्ञता एवं सम्मान करने हेतु 10वा वेटरन्स डे जिले में जिलाधिकारी के आवास पर आयोजित



**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़।** जनपद में भारतीय सशस्त्र बलो के पूर्व सैनिकों के प्रति कृतज्ञता एवं सम्मान करने हेतु 10वा वेटरन्स डे आज जनपद में जिलाधिकारी श्री अभिषेक पाण्डेय (आईएएस) के आवास पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वीर सैनिकों युद्ध अलंकरण प्राप्त पूर्व सैनिको तथा वीर नारियों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ब्रिगेडियर जे०एस० तोमर वीर चक (स०नि०) 1971 के भारत पाक के वीर युद्धा ने अपने सन अनुभव साझा करते हुए फिल्ड मार्शल सैम मानकशॉ द्वारा प्रतिपादित नेतृत्व के सिद्धान्तों को उल्लेख किया और बताया सच्चा नेतृत्व साहस, स्पष्टता और अपने अधीनस्थों के प्रति उत्तरदायित्व से जन्म लेता है।इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री अभिषेक पाण्डेय (आईएएस) भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता, पेशेवर दक्षता, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता तथा लोकपत्रं के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला उन्होने कहा कि भारत की विकास यात्रा तथा वैश्विक मंच पर सुदृढ पहचान के पीछे हमारी सशस्त्र सेनाओं की शक्ति, त्याग और समर्पण का महत्वपूर्ण योगदान है।

# बेसहारा गौवंश से फसलों को हो रहे नुकसान पर किसानों की चिंता



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** विकास खंड क्षेत्र के गांव नान्नूपुरी में भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया तथा उनके समाधान पर चर्चा की गई।

गांव नान्नूपुरी निवासी किसान रामभजन कश्यप के आवास पर आयोजित बैठक में भारतीय किसान संघ के जिलामंत्री देशराज शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में बेसहारा गौवंश किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे किसान आर्थिक रूप से परेशान हैं।

उन्होंने कहा कि किसान को अन्नदाता कहा जाता है, ऐसे में उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन द्वारा ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।बैठक को संबोधित करते हुए मदन पाल ने कहा कि भारतीय किसान संघ किसानों की हर छोटी-बड़ी समस्या में उनके साथ खड़ा है और किसानों के हितों की रक्षा के लिए संगठन लगातार संघर्ष करता रहेगा। उन्होंने किसानों से एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद करने का आह्वान किया।

बैठक की अध्यक्षता भारतीय किसान संघ के ब्लॉक उपाध्यक्ष श्रीनिवास ने की, जबकि संचालन रामभजन कश्यप द्वारा किया गया। बैठक में संगठन के दर्जनों पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे और किसानों की समस्याओं को लेकर अपने-अपने सुझाव रखे।

# जुआ खेल रहे चार गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया/संदीप तिवारी**

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** मिजार्मुराद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मंगलवार की शाम डोमैला गांव स्थित झील के पास झाड़ी के बीच में बैठकर जुआ खेल रहे चार जुआड़ियों को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने लिखा पड़ी करने के बाद बुधवार को सभी का चालान कर दी। मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि कछवांरोड चौकी प्रभारी गणेश पटेल पुलिस टीम के साथ कछवांरोड चौराहे पर वाहन चेकिंग कर रहे थे उसी समय मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली कि डोमैला गांव स्थित झील के पास झाड़ी में कुछ लोग बाहर से आकर जुआ खेल रहे है अगर जल्दी किया जाए तो सभी पकड़ा सकते है। जिसपर चौकी प्रभारी कछवांरोड गणेश पटेल पुलिस टीम के साथ घेराबंदी कर भदोही जिले के औराई थाना क्षेत्र के झऊआं निवासी रमेश बिन्द, कपसेठी थाना क्षेत्र के बरियारपुर निवासी संतोष कुमार गौड़, रोहनिया थाना क्षेत्र कर करनाडाड़ी निवासी सुनील कुमार पटेल व मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के ठठरा गांव निवासी राजू यादव उर्फ मास यादव को गिरफ्तार करते हुए 52 तास के पत्ते व 6000 हजार रुपया व एक बाइक बरामद कर लिया वही झाड़ी का फायदा उठाकर कुछ जुआड़ी भाग निकले।मिजार्मुराद पुलिस ने सभी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर बुधवार की सुबह सभी का चालान कर दिया।वही मौके से मिले बाइक को पुलिस ने 207 एमवी एक्ट में सीज कर दिया।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम कछवांरोड चौकी प्रभारी गणेश पटेल के साथ एसआई रामचन्द्र यादव, मुन्ना लाल दूबे, मधुसूदन त्रिपाठी, कांस्टेबल महेन्द्र कुमार पटेल, सर्वेन्द्र कुमार रहे।

# श्री राम राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था अयोध्याधाम (राष्ट्रीय) के तत्वाधान में विश्व हिंदी दिवस पर भव्य साहित्यिक आयोजन

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



**हापुड़।** जनपद के पिलखुवा में श्री राम राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था, अयोध्याधाम (राष्ट्रीय) के तत्वावधान में विश्व हिंदी दिवस के पावन अवसर पर एक अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ कवि-कवयित्रियों को एक सशक्त मंच प्रदान करना रहा।कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार अशोक गोयल चक्रवर्ती जी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में बीना गोयल जी उपस्थित रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि राम अवतार शर्मा राम जी रहे। सरस्वती वंदना का सस्वर पाठ राम अवतार शर्मा राम जी द्वारा किया गया।

विश्व हिंदी दिवस की इस सुंदर संध्या को देश के विभिन्न प्रांतों से पधारे कवि-कवयित्रियों ने अपनी प्रभावशाली रचनाओं से स्मरणीय बना दिया। काव्य-पाठ करने वाले कवि-कवयित्रियों में वृंदा वाणी, लालाराम ब्रजवासी डिग,नीतू नागर अंबर, प्रशांत सोऊ, प्रा. मनीषा नाड़गौडा, विनोद कुमार वर्मा, डॉ. विनोद कुमार हंसोड़ा, सुनीता मिश्रा, जनकवि सुखराम शर्मा, चंद्रकला शर्मा (प्रधान पाठक), राजेश कुमार शर्मा, डॉ. सुप्रीति चावला, आत्मप्रकाश कुमार, मेघराज श्री श्रीमाल, राजेश तिवारी रंजन, श्रीमती संध्या श्रीवास्तव साँझ, नंद किशोर बहुखंडी, राम किशोर पाठक, डॉ. मुरली मनोहर भट्ट, कुमारी किरण, सुषमा भंडारी, अरविंद कुमार अनोखे, अवधेश कुमार श्रीवास्तव, रीता गुगलानी, चंद्र प्रकाश पाठक, डॉ. कुमकुम शुक्ला, श्रीमती कल्पना सचदेव, ममता गुप्ता, कवि छगनलाल मुथा, सविता मेहरोत्रा सुगंधा, अंजना कुमारी केशरी मंजू, अंकिता पटेल, चौधरी बिलाल, राम स्वरूप मयूरेश, निरंजन कुमार तिलक अंकुर, ईश्वर चंद्र विद्यावाचस्पति तथा मनोज मंजुल ओज शामिल रहे। कार्यक्रम में शामिल सभी रचनाकारों का आभार व्यक्त किया गया।

# कार सवार युवक हजारों रुपए का सामान लेकर फरार

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव नाला निवासी एक युवक से कार सवार चार युवकों ने हजारों रुपए की शॉपिंग कर ली और स्कैनर में पैसे डालने के बहाने कार लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस चारों लोगों की तलाश कर रही है।

थाना क्षेत्र के गांव नाला निवासी आबिद पुत्र अजमुद्दीन ने दिल्ली सहारनपुर रोड पर स्थित खाटू श्याम होटल के बाहर जुटे और लोअर टी-शर्ट की सेल लगा रखी है। बुधवार को पुलिस की दुकान पर कार में सवार चार लोग पहुंचे, चारों लोगों ने चार जोड़ी जूते, पांच जोड़ी चप्पल, पांच जोड़ी लोअर और टी शर्ट खरीदी। आरोग्य की तीन युवक सामान लेकर गाड़ी में बैठ गई एक युवा किसके अंदर पर पैसे डालने की बात कहते हुए गाड़ी में बैठ गया। फिर कितने रुपए बार डालने की बात पूछी तो आरोप है कि चारों युवक कार लेकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने चारों लोगों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार को कहना है कि पीड़ित की तहरीर मिली है। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# विधिका फाउंडेशन द्वारा छोटे बच्चों के बीच टोपी एवं खाद्य सामग्री वितरण



**वेलकम इंडिया/संदीप तिवारी**

**वाराणसी मिजार्मुराद।** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के पावन अवसर पर छोटे बच्चों के बीच टोपी एवं खाद्य सामग्री वितरण कर उन्हें स्नेह और सम्मान दिया।बच्चों की मुस्कान ही हमारे प्रयासों की सबसे बड़ी सफलता है।आइए, विवेकानंद जी के विचारों को कर्म में बदलें।युवा शक्ति ही राष्ट्र की असली ताकत है। स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था– ₹उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत।₹ इसी प्रेरणा के साथ फाउंडेशन के सदस्यों ने उनकी जयंती पर नन्हे बच्चों को टोपी एवं खाद्य सामग्री वितरण कर उनके चेहरे पर मुस्कान लाने का छोटा सा प्रयास किया।कुशल नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष वंदना शुक्ला के अंतर्गत राष्ट्रीय सचिव सुनील कुमार, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष धनेंद्र कुमार शुक्ला, सौरभ सिंह, राष्ट्रीय उपसचिव आशा सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नीरा पटेल, राष्ट्रीय संरक्षक कमलेश सिंह, राष्ट्रीय योग सलाहकार पूनम सिंह, राष्ट्रीय उपकोषाध्यक्ष कृष्णा दुबे, राष्ट्रीय प्रबंधक शिखा वर्मा, विशिष्ट अतिथि महान समाज सेविका सुषमा सिंह, अतिथि सम्मानित समाज सेविका पूजा मिश्रा, अतिथि सम्मानित समाज सेविका सुश्मिता सेठ, प्रदेश उपाध्यक्ष रीना सोनकर, पूजा पटेल, किरण चौबे, माधुरी, प्रदेश अध्यक्ष प्रमिला आदि संस्था के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# प्राचार्या ने छात्राओं को दैनिक समाचार पत्र पढ़ने के लिए किया प्रेरित

**जहांगीराबाद।** नगर के भईपुर दोराहे स्थित रघुवरदयाल प्रभुदयाल कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शीनू चौधरी ने छात्राओं को नियमित रूप से अखबार पढ़ने की उपयोगिता समझाई। बुधवार को सुबह की प्रार्थना सभा के दौरान विद्यालय की प्राचार्या डॉ. शीनू चौधरी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए दैनिक समाचार पत्र पढ़ने की आदत डालने पर विशेष जोर दिया। ?छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्या ने कहा कि आज के सूचना क्रांति के युग में केवल किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं है।

# सड़क दुर्घटना में मृतक की पत्नी को 40 लाख का एक्सीडेंटल क्लेम सौंपा

**वेलकम इंडिया**




**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** विकास खंड क्षेत्र के कस्बा एलम के भारतीय स्टेट बैंक की एलम शाखा द्वारा सड़क दुर्घटना में मृत ट्रक चालक की पत्नी को 40 लाख रुपये का एक्सीडेंटल बीमा क्लेम का चेक प्रदान किया गया।जनपद बागपत के गांव भगवानपुर मौजिजाबाद नागल निवासी हरबीर ट्रक चालक थे।

उन्होंने कस्बा एलम स्थित भारतीय स्टेट बैंक में अपना बचत खाता खुलवा रखा था, जिसके साथ एसबीआई जनरल इंश्योरेंस भी लिया हुआ था। 25 मई 2025 को असम राज्य में सड़क दुर्घटना के दौरान हरबीर की मौत हो गई थी।बीमा दावा स्वीकृत होने के बाद बुधवार को एसबीआई एलम शाखा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मृतक की पत्नी सोनी को 40 लाख रुपये का चेक सौंपा गया।

इस अवसर पर ब्रांच मैनेजर सुमित कुमार, रीजनल मैनेजर राकेश कुमार, नगर पंचायत अध्यक्ष रीना अश्वनी पंवार, चीफ मैनेजर मिर्नाल सिंह एवं एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के एरिया मैनेजर प्रफुल राय मौजूद रहे।ब्रांच मैनेजर सुमित कुमार ने बताया कि मृतक हरबीर ने अपने बचत खाते के साथ एसबीआई जनरल इंश्योरेंस लिया हुआ था, जिसके अंतर्गत दुर्घटना में मृत्यु होने पर 40 लाख रुपये का बीमा लाभ उसकी पत्नी को प्रदान किया गया है।

# पीएम मोदी ने साधारण परिवार को भेजी विवाह की शुभकामनाएं

**कांधला।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव सुन्ना में इन दिनों उत्साह और गौरव का वातावरण बना हुआ है। इसका कारण देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गांव के एक साधारण परिवार को भेजा गया विवाह का शुभकामना संदेश है। गांव सुन्ना निवासी एवं आइसक्रीम व्यवसाय से जुड़े योगी रविचन्द्र हुड्डा के पुत्र योगी अभय हुड्डा का विवाह आगामी 4 फरवरी 2026 को आयुष्मति विशाखा, निवासी ग्राम बिड़वी जनपद सहारनपुर के साथ संपन्न होने जा रहा है। इस अवसर पर परिवार की ओर से आदरपूर्वक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विवाह का निमंत्रण पत्र भेजा गया था। निमंत्रण को संज्ञान में लेते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने व्यक्तिगत रूप से पत्र लिखकर परिवार की खुशियों में सहभागिता दर्ज कराई।

# सड़क किनारे बेहोशी में मिला वृद्ध, अस्पताल में कराया भर्ती

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव पजोखरा के निकट सड़क किनारे एक व्यक्ति बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बेहोशी की हालत में मिले व्यक्ति को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सूचना पर घायल के परिजन भी मौके पर पहुंच गए थे।बुधवार की सुबह को राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी कि गांव पजोखरा के निकट सड़क किनारे एक व्यक्ति बेहोशी की हालत में पड़ा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बेहोशी की हालत में पड़े मिले व्यक्ति को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बेहोशी की हालत में मिले व्यक्ति की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।बेहोशी की हालत में मिले व्यक्ति की पहचान न होने पर पुलिस ने सोशल मीडिया पर फोटो वायरल कर पहचान करने का प्रयास किया। बेहोशी की हालत में मिले व्यक्ति की पहचान इमरान पुत्र इस्लाम निवासी बघरा जनपद मुजफ्फरनगर के रूप में हुई। सूचना पर बेहोशी की हालत में मिले व्यक्ति के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए थे।

# चुन्नीलाल मेडिकल ट्रस्ट ने किया नेत्र जाँच शिविर का आयोजन

**हापुड़।** जनपद में नॉर्दर्न ऐरोमेटिक्स के सहयोग से चुन्नीलाल मेडिकल ट्रस्ट द्वारा नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे प्रशिक्षित चिकित्सक द्वारा कुल 53 मरीजों के नेत्रों की जाँच की गई। शिविर का शुभारंभ ट्रस्ट की सचिव पूनम परिहार व विकास अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया।शिविर के बारे में जानकारी देते हुए संस्था की सचिव पूनम परिहार ने बताया कि आंखें हमारे शरीर का सबसे नाजुक व महत्वपूर्ण अंग हैं। इसकी नियमित देखभाल करना बेहद जरूरी हैं क्योंकि नेत्रों के बिना जीवन बहुत कठिन हो जाता हैं। आमजन की इसी समस्या को देखते हुए संस्था द्वारा सितंबर माह से लेकर मार्च तक प्रत्येक माह की 14 तारीख को शिविर का आयोजन किया जायेगा।

# यातायात नियमों के प्रति वाहन चालकों को जागरूक कर रही हाफिजपुर थाना पुलिस और हेलमेट वितरण भी किए

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



**हापुड़।** जनपद के थाना हाफिजपुर पुलिस ने नेशनल हाईवे पर बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज थानाध्यक्ष हाफिजपुर प्रवीण कुमार और ब्रजनाथपुर चौकी प्रभारी गौरव वशिष्ठ के नेतृत्व में एनएचएआई के कर्मचारियों के साथ मिलकर एक सराहनीय अभियान चलाया गया। जिसमें ऐसे मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों जो गरीब और मजदूर वर्ग से हैं और हेलमेट के अभाव में वाहन चला रहे थे। अभियान के दौरान इन बाइक सवारों युवकों को निःशुल्क हेलमेट वितरित किए गए तथा उन्हें यातायात नियमों, हेलमेट की अनिवार्यता और सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया गया।

# महिला महाविद्यालय में साहित्यिक व खेलकूद कार्यक्रम आयोजित हुआ

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को युवा सप्ताह के उपलक्ष्य में विभिन्न बौद्धिक, साहित्यिक एवं खेलकूद कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता डॉ. अंकिता त्यागी ने युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता विषय पर छात्राओं के साथ गहन विमर्श किया।

उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, मानसिक स्वास्थ्य के महत्व तथा संतुलित दिनचर्या पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को जागरूक किया। इसके साथ ही मकर संक्रांति के पावन पर्व के सांस्कृतिक एवं वैज्ञानिक महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की गई।युवा सप्ताह के अंतर्गत खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे कार्यक्रम का कुशल संचालन सांस्कृतिक परिषद की सदस्य डॉ. अंकिता त्यागी द्वारा किया गया।

# सिखेड़ा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** निवोक सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के तत्वावधान में ग्राम एम. पी. सिखेड़ा में एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन अनिल त्यागी (चेयरमैन, निवाड़ी), श्री ललित त्यागी एडवोकेट (सभासद मोदीनगर) एवं युवा नेता शिव अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

शिविर के दौरान ग्रामीण अंचल के सैकड़ों मरीजों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई तथा आवश्यकतानुसार दवाइयों का भी निःशुल्क वितरण किया गया। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ, महिला रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन, हड्डी रोग विशेषज्ञ सहित अन्य अनुभवी चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर उन्हें उचित चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया।

इस अवसर पर अनिल त्यागी ने कहा कि निवोक सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल अब शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को किफायती दरों पर उच्च गुणवत्ता का उपचार उपलब्ध कराएगा। वहीं ललित त्यागी एडवोकेट ने बताया कि अमर शहीद मेजर आसाराम त्यागी जी के जन्मोत्सव के अवसर पर इस कार्यक्रम को स्वास्थ्य जागरूकता महाअभियान के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत पूरे जनवरी माह में विभिन्न स्थानों पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

शिविर के आयोजक आशीष त्यागी, व संजय शर्मा ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए चिकित्सकों एवं निवोक हॉस्पिटल के समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

शिविर में क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें सचिन त्यागी मंडल अध्यक्ष, संजय शर्मा, नवीन जायसवाल, जीत सिंह, अविनाश त्यागी, मुकेश त्यागी, मोहित उपाध्याय, रामवीर सैनी, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी तथा निवोक सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की जनकल्याणकारी सोच की व्यापक सराहना की गई।

## भाजपा के सह मीडिया प्रभारी की माता के निधन पर पीएम मोदी का शोक संवेदना

**वाराणसी।** भाजपा महानगर के सह मीडिया प्रभारी शैलेंद्र मिश्रा की माता सावित्री देवी के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए उन्हें पत्र भेजा है पीएम मोदी ने लिखा है कि मां का साथ छूटना जीवन के सबसे दुखदाई पलों में से एक है इस मुश्किल घड़ी में आपके मन की व्यथा को मैं समझ सकता हूं ज्ञात हो सावित्री देवी का स्वर्गवास तीन जनवरी शनिवार को हो गया भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल,राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रविंद्र जायसवाल, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉक्टर दयाशंकर मिश्र दयालु, महापौर अशोक तिवारी, जिलाध्यक्ष एवं एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि, विधायकगण डॉक्टर नीलकंठ तिवारी,सौरभ श्रीवास्तव, एमएलसी धर्मेंद्र राय,क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी,सह प्रभारी संतोष सोलापुरकर, महानगर मीडिया प्रभारी किशोर सेठ आदि ने गतात्मा की शांति एवं शोक संतृप्त परिवार को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है।

# आईपीईसी में रूसी कलाकारों ने बिखेरा हुनर सांस्कृतिक आदान-प्रदान को मिली नई ऊंचाई



वेलकम इंडिया

**साहिबाबाद,( अनिल वशिष्ठ)।** इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज (आईपीईसी) एवं रूसी सांस्कृतिक केंद्र, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में मॉडल कोरियोग्राफिक एन्सेम्बल ह्लकजाच्ये रज्दोल्येह्व (रूस) द्वारा रूसी लोक नृत्य संध्या का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान आईपीईसी परिसर अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक सौहार्द के रंगों में रंगा नजर आया, जब रूस से आए प्रसिद्ध नृत्य दल ने अपनी ऊजार्वान और मनोहारी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

आईपीईसी के वाइस प्रेसिडेंट (इंटरनेशनल रिलेशंस) विभूति शंकर ने स्वागत संबोधन में संस्थान द्वारा आयोजित पूर्व अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए कहा कि आईपीईसी निरंतर वैश्विक सांस्कृतिक और शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने रूस के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के पूर्व दौरे का भी स्मरण कराया, जो रूसी संघ के राष्ट्रपति श्री व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा के दौरान संपन्न हुआ था। स्टावरोपोल क्षेत्र से आए इस नृत्य दल का स्वागत करते हुए उन्होंने इसे संस्थान की अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक सहभागिता की एक महत्वपूर्ण कड़ी बताया।

इस अवसर पर आईपीईसी के वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल ने कहा कि भारत और रूस के बीच सॉफ्ट पावर डिप्लोमेसी को सशक्त बनाने में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अहम भूमिका है। ऐसे आयोजन युवाओं के मन में स्थायी प्रभाव छोड़ते हैं और भविष्य के सामाजिक व तकनीकी सहयोग का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

रूसी नृत्य दल की युवा कलाकारों ने टेरेक कोसैक्स की जीवनशैली, परंपराओं और लोक विरासत पर आधारित नृत्यों की सजीव प्रस्तुति दी। सटीक तालमेल, सशक्त भाव-भंगिमाएं, रंगीन परिधान और पारंपरिक संगीत ने दर्शकों को रूसी संस्कृति से आत्मीय रूप से जोड़ दिया। रूसी सांस्कृतिक केंद्र की प्रतिनिधि सुश्री एलेना बारमैन ने बताया कि यह दल मॉस्को और सेंट पीटर्सबर्ग सहित अनेक शहरों में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रस्तुति दे चुका है।

नृत्य दल का नेतृत्व कलात्मक निदेशक एलेना कुरोपाटकिना ने किया। कार्यक्रम में भारतीय शास्त्रीय व लोक नृत्य प्रस्तुतियां भी शामिल रहीं, जिससे सांस्कृतिक आदानझ्रप्रदान और अधिक सशक्त हुआ। समापन पर दर्शकों ने कलाकारों की सराहना करते हुए आईपीईसी की पहल की प्रशंसा की। कार्यक्रम में निदेशक डॉ. अनिल सोलंकी, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. मीनाक्षी शर्मा, डीन एकेडेमिक्स डॉ. अमित जैन, सुनीता यादव, अजय चौधरी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब मोदीनगर सेंट्रल द्वारा गरम वस्त्रो का वितरण

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर लायंस क्लब मोदीनगर सेंट्रल द्वारा सहायक ऊनी वस्त्रों का वितरण बस अड्डे के समीप किया गया जहां पर जरूरतमंदों को यह वस्त्र ( कैप, मफलर एवं सॉक्स) प्रदान किए गए। लगभग 400 लोगों कोई यह ऊनी वस्त्र प्रदान किए गए। इसके अलावा तिबडा स्थित एक प्राइमरी स्कूल में 80 छोटे बच्चों को गरम जैकेट प्रदान की गई जिसे पाकर बच्चे बहुत खुश थे। सभी बच्चे गरम जैकेट पहन कर अपने आप को सर्दी से महफूज लग रहे थे इसके अलावा क्लब द्वारा जरूरतमंदों को 50 कंबल भी वितरित किए गए।




क्लब के संरक्षक लायन डॉ विनय मित्तल द्वारा इस कार्यक्रम के लिए अध्यक्ष तथा टीम की भूरी भूरी प्रशंसा की तथा कहा कि इन वस्त्रों को धारण करके जरूरतमंदों को ठंड से निजात मिल पाएगी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम एक परमानेंट प्रोजेक्ट के रूप में हर साल मकर संक्रांति को समर्पित किया जाएगा। क्लब के अध्यक्ष राजेश अरोड़ा वह सचिव डॉ जी एस सचदेवा द्वारा आए हुए सभी लायन सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

उपरोक्त के अलावा लायन डॉ मनीष गर्ग,लायन डॉ सचित गोयल,लायन निशांत अग्रवाल,

# बढ़ती उम्र में हड्डियों की बीमारी आम बात चिकित्सक के परामर्श से हर बीमारी का इलाज संभवः डॉ. निखिल पूनिया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल में वर्तमान समय में हड्डियों की बढ़ती बीमारी की समस्या व समाधान पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों, शिक्षकों व अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और हड्डियों से संबंधित बीमारियों के बारे में जानकारी व उसके समाधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ एनसीआर के जाने-माने हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. निखिल पूनिया व विद्यालय के प्रबंधक अखिलेश द्विवेदी जी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया डॉक्टर पूनिया ने जानकारी देते हुए बताया की वर्तमान समय में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं में हड्डियों की संबंधित ज्यादा बीमारियां होती हैं लेकिन अगर समय पर पता लग जाए और उसका सही उपचार किया जाए तो हड्डियों की कोई भी बीमारी ला इलाज नहीं है और आज मेडिकल साइंस ने विशेष रूप से हड्डियों की बीमारियों में विशेष महारत हासिल की हुई है इसलिए हमें घबराने की बजाय चिकित्सक के पास जाकर बीमारी की तह में पहुंचकर इसका सही इलाज कराया जाना आवश्यक है छाया स्कूल की प्रशंसा करते हैं उन्होंने कहा कि विद्यालय से मेरा वर्षों पुराना रिश्ता है और यहां का प्यार और आशीर्वाद सदैव मेरे साथ रहा है विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर अरुण त्यागी ने आए हुए अतिथियो का स्वागत किया अभिभावकों द्वारा स्कूल की इस अच्छी पहल की जमकर सराहना की और कहा की छाया पब्लिक स्कूल एक मात्र ऐसा शिक्षण संस्थान है जो बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों का भी पूरा ख्याल रखता है।

# सीएएफटी प्रतिभागियों के लिए वैज्ञानिक प्रशिक्षण के साथ समन्वित योग सत्र का आयोजन किया

वेलकम इंडिया(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी।** उच्च शिक्षा में क्षमता निर्माण के लिए अपने समग्र एवं प्रगतिशील दृष्टिकोण के अंतर्गत,कृषि विज्ञान संस्थान (आईएएस),बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के डेयरी विज्ञान एवं खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसएफटी) द्वारा आईसीएआर प्रायोजित एडवांस्ड फैकल्टी ट्रेनिंग (सीएएफटी) कार्यक्रम फंक्शनल डेयरी फूड्सः कॉन्सेप्ट से व्यावसायीकरण तक के प्रतिभागियों हेतु एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया गयो सीएएफटी प्रशिक्षण कार्यक्रम के दसवें दिन यह योग सत्र 14 जनवरी बुधवार को प्रातः साढ़े आठ बजे से दस बजे तक विभागीय परिसर में संपन्न हुओ

योग सत्र का संचालन अभिषेक गुप्ता,योग प्रशिक्षक, आयुर्वेद संकाय,आईएमएस बीएचयू द्वारा किया गयो उन्होंने प्रतिभागियों को वैज्ञानिक रूप से संरचित मॉड्यूल के माध्यम से योगासन,प्राणायाम,श्वसन तकनीकें तथा माइंडफुलनेस अभ्यास कराए सत्र में



शारीरिक लचीलापन,मानसिक सजगता,तनाव प्रबंधन एवं भावनात्मक संतुलन पर विशेष बल दिया गया जो शिक्षण, अनुसंधान एवं प्रयोगशाला आधारित कार्यों में संलग्न शिक्षाविदों,वैज्ञानिकों एवं शोधकताओं के लिए अत्यंत आवश्यक है

सीएएफटी प्रशिक्षण कार्यक्रम में योग का समावेश, भारतीय पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों को आधुनिक वैज्ञानिक शिक्षा के साथ एकीकृत करने की बीएचयू की प्रतिबद्धता को दशार्ता है कार्यक्रम का मुख्य विषय नवाचार, फंक्शनल फूड विकास तथा डेयरी आधारित उत्पादों का व्यावसायीकरण है।इस अवसर पर कृषि विज्ञान संस्थान (आईएएस),बीएचयू के निदेशक डॉ.यू.पी.सिंह ने पहल की सराहना करते हुए कहा सीएएफटी जैसे उच्च स्तरीय वैज्ञानिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में योग का समावेश शिक्षा के प्रति बीएचयू की समग्र दृष्टि को दशार्ता है मानसिक स्पष्टता और शारीरिक स्वास्थ्य के बिना वैज्ञानिक उत्कृष्टता संभव नहीं है इस प्रकार की पहलें संकाय सदस्यों को केंद्रित,उत्पादक एवं नवोन्मेषी बनाए रखने में सहायक होती हैं जो अनुसंधान को सामाजिक लाभों में रूपांतरित करने के लिए आवश्यक है।

# पहचान बदलकर लोगों से लाखों रुपये हड़पने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** पुलिस ने फर्जी खतौनी और पहचान बदलकर लोगों से लाखों रुपये हड़पने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि फरार तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही हैं।

मोदीनगर निवासी समाजसेवी राजीव खुराना ने पिछले दिनों कोतवाली में जमीन बेचने के नाम पर गुमराह कर 30 लाख रुपये हड़पने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में जांच करते हुए बुधवार को पुलिस ने गांव मकोड़ा सूरजपुर गौतमबुद्धनगर निवासी कविंद्र को गिरफ्तार किया।

पूछताछ में कविंद्र ने जमीन की फर्जी डील के जरिए ठगी करने का चौंकाने वाला खुलासा किया है। कविंद्र ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता है और उसकी पैतृक जमीन ग्राम चुहड़पुर खादर, गौतमबुद्धनगर में स्थित है। उसने बताया कि गांव की जमीन को बेचने का झांसा देकर उसने अपने साथियों के साथ मिलकर कई लोगों से लाखों रुपये हड़पे हैं। इसी तरह उन्होंने राजीव खुराना से भी 30 लाख रुपये हड़पे थे। कविंद्र ने बताया कि उसके साथ गिरोह में विजय शर्मा निवासी विजयनगर गाजियाबाद, नरेंद्र निवासी एवीजे सोसाइटी ग्रेटर नोएडा और अशोक चौधरी भी शामिल है। गिरोह पहले से एक योजना बनाता था। विजय शर्मा उर्फ मोहित शर्मा किसी ग्राहक को जमीन दिखाने लाता था और सौदे के नाम पर ग्राहक के सामने पैसों का लेनदेन कर विश्वास पैदा किया जाता था। इसके बाद फर्जी खतौनी के आधार पर जमीन बेचने का एग्रीमेंट कराया जाता और एडवांस के रूप में मोटी रकम ले ली जाती थी।

## महाप्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे ने ट्रैक मेंटेनर विपिन पाल को किया सम्मानित



**वाराणसी।** महाप्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरवणकर ने महाप्रबन्धक सभाकक्ष में संरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य सम्पादन के लिए वाराणसी मंडल के एक कर्मचारियों को ह्यसेफ्टी स्टार ऑफ द मंथह्य घोषित कर नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया पुरस्कार प्राप्तकताओं में वाराणसी मंडल के तरयासुजान स्टेशन पर ट्रैक मेंटेनर के पद पर कार्यरत विपिन पाल ने 5 अक्टूबर 2025 को पेट्रोलिंग के दौरान देखा कि किमी. संख्या-57/0 से 61/0 के मध्य ट्रैक का बैंक अत्यधिक बारिश होने के कारण कट गया थो विपिन पाल ने तत्काल ट्रैक की सुरक्षा करते हुये ट्रेन को रोककर जूनियर इंजीनियर/इंचार्ज को सूचित किया एवं ट्रेन को संरक्षित ढंग से पास कराया।

# डॉ रितु गर्ग संभालेंगी रोटरी सेंट्रल की कमान



वेलकम इंडिया(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी।** डॉ रितु गर्ग अध्यक्ष रोटरी क्लब वाराणसी सेंट्रल सत्र 26-27 की कार्यकारिणी हेतु चुनाव बैठक मलदहिया स्थित होटल हिंदुस्तान इंटरनेशनल में संपन्न हुई अध्यक्ष 2026-27 रो.डॉक्टर रितु गर्ग ने अपने उद्बोधन में कहा की वह रोटरी के सिक्स एरियाज जिसमें रोगों की रोकथाम एवं उपचार,मातृ एवं शिशु देखभाल, सामुदायिक विकास और शांति की स्थापना हेतु कार्य मुख्य है उन्होंने कहा कि पूर्व अध्यक्षों द्वारा किए गए सभी कार्यों को आगे बढ़ाते हुए,सभी सदस्यों को साथ लेकर और नए रोटेरियन को लीडरशिप की जिम्मेदारी देते हुए सबके मार्गदर्शन एवं सहयोग से रोटरी क्लब वाराणसी सेंट्रल एक मील का पत्थर साबित होगा और कम्युनिटी सर्विस यानी सेवा सद्भाव तथा फेलोशिप के विभिन्न कार्यक्रम लगातार वर्ष भर आयोजित किए जाते रहेंगे

जैसे वृद्ध आश्रम में वृद्ध लोगों की सहायता करना,अनाथ आश्रम में बच्चों को विभिन्न प्रकार की सामग्रियां उपलब्ध कराना,शहर के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में मेडिकल कैंप ऑर्गेनाइज करना,मलिन बस्तियों में उनकी जरूरत की चीज पहुंचना,साड़ी वितरण, कंबल वितरण जैसे अद्भुत सेवा कार्य लगातार वाराणसी सेंट्रल के दानियों सहयोगियों मेंबर्स के द्वारा किए जाते रहे हैं साथ ही सभी सदस्यों की आपसी बांडिंग हेतु विभिन्न समय पर क्रिकेट मैच का आयोजन,स्पोर्ट्स डे,सांस्कृतिक उत्सव जैसे कार्यक्रम भी सद्भाव और आपस में भाईचारा बढ़ाने हेतु किए जाएँगे तथा मेरा प्रयास होगा कि हम सभी कार्य को बहुत उत्साह एवं उमंग के साथ करते हुए सामाजिक सद्भाव को आगे बढ़ाएंगे और सभी पूर्व अध्यक्षों के मार्गदर्शन में लगातार रोटरी सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट 3120 में अद्भुत मिसाइल कायम करेगो

सभी सीनियर साथियों ने डॉक्टर रितु गर्ग और उनकी पूरी टीम को बहुत बधाइयां देते हुए कहा कि क्लब के सभी सदस्यों को पूरा विश्वास है कि डॉक्टर रितु गर्ग इस क्लब को एक आदर्श क्लब बनाते हुए क्लब की परंपराओं का निर्वहन करते हुए इस क्लब को काफी ऊंचाइयों तक लेकर जाएगी जिसमें सभी चार्टर मेंबर्स,पूर्व अध्यक्षों और क्लब के सभी रोटेरियन साथियों का उन्हें भरपूर सहयोग और आशीर्वाद लगातार प्राप्त होता रहेगा।

# कॉमेडियन से भक्त बने राजपाल यादव माघ मेले में किया पार्थिव शिवलिंग निर्माण

वेलकम इंडिया

**प्रयागराज।** महाकुंभ के पश्चात माघ मेला अब धर्म, आस्था और अध्यात्म का महासंगम बन चुका है। संगम की पावन रेती पर बसे तंबुओं के इस आध्यात्मिक नगर में देश के कोने-कोने से साधु-संत, श्रद्धालु और कल्पवासी पहुंच रहे हैं। आम श्रद्धालुओं के साथ-साथ अब देश की जानी-मानी हस्तियां भी माघ मेले में आस्था की अनुभूति के लिए पहुंच रही हैं।

इसी क्रम में बॉलीवुड के प्रसिद्ध कॉमेडी अभिनेता राजपाल यादव माघ मेले में पहुंचे और संगम में पुण्य स्नान कर आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त की। इसके पश्चात उन्होंने सेक्टर-6 स्थित पूज्य गुरुदेव पं. देवप्रभाकर शास्त्री दद्दा जी की पुण्य स्मृति में आयोजित धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता निभाई।

डॉ. अनिल प्रभाकर शास्त्री जी के आदेश एवं सानिध्य में अभिनेता राजपाल यादव ने स्वयं जमीन पर बैठकर पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर विधिवत पूजन-अर्चन किया। साथ ही वे श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ कार्यक्रम में भी शामिल हुए। इस दौरान वे भक्ति गीतों पर भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए।



माघ मेले में उमड़ी विशाल श्रद्धालु भीड़ को देखकर अभिनेता राजपाल यादव ने कहा,

यह केवल आस्था नहीं, बल्कि श्रद्धा की पराकाष्ठा है। जब भी जियो, पूरे समर्पण और पराकाष्ठा के साथ जियो।

उन्होंने आगे कहा कि वे अभिनेता जरूर हैं, लेकिन उनका जीवन समाज और देश की सेवा के लिए समर्पित है।

अभिनेता का दूसरा नाम सेवा है। मेरी कोशिश रहती है कि जहां भी जाऊं, गहना बनकर मिलूं, गहना बनकर सुनूं और अवसर मिले तो माथे का तिलक बनकर जियूं।

फिल्मों को लेकर बातचीत में राजपाल यादव ने कहा कि कोरोना लॉकडाउन के बाद वर्ष 2022 से बॉलीवुड ने नई गति पकड़ी है और आने वाले 10 से 15 वर्ष फिल्म उद्योग के लिए स्वर्णिम काल साबित होंगे। उन्होंने बताया कि अब भारत में 2 हजार से 4 हजार करोड़ रुपये तक के बजट की फिल्में बन रही हैं, जिन्हें तकनीक की मदद से 72 भाषाओं में पूरी दुनिया तक पहुंचाया जा सकता है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) पर अपने विचार रखते हुए उन्होंने कहा,

आज एआई का युग है। अगर इसे मिशन की तरह अपनाया जाए तो यह औषधि बनेगा, लेकिन अगर इसके साथ खिलवाड़ किया गया तो परिणाम गंभीर होंगे। जैसा बोएंगे, वैसा ही पाएंगे—बबूल बोएंगे तो बबूल और आम बोएंगे तो आम मिलेगा।

मीडिया प्रभारी सनी केशरी ने जानकारी देते हुए बताया कि माघ मेले के अंतर्गत आयोजित यह आयोजन श्रद्धा, संस्कृति और अध्यात्म का अद्भुत संगम है, जिसमें देश-विदेश से श्रद्धालु और गणमान्य लोग सहभागिता कर रहे हैं। ऐसे आयोजनों से न केवल भारतीय संस्कृति का प्रचार-प्रसार होता है, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा और सद्भाव का संदेश भी जाता है।

# गाजियाबाद के मोदीनगर में 8 हजार वर्ग मीटर अवैध कॉलोनी पर चला जीडीए का बुलडोजर

**वेलकम इंडिया**

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माण और अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए मोदीनगर क्षेत्र के बम्बा रोड पर बड़ी कार्रवाई की है। उपाध्यक्ष के निदेर्शों के क्रम में बुधवार को प्रवर्तन जोन-02 की टीम ने लगभग 8000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में विकसित की जा रही एक अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया।

प्रवर्तन जोन-02 के प्रभारी के नेतृत्व में सचिन डागर द्वारा की गई इस कार्रवाई में पाया गया कि संबंधित कॉलोनाइजर द्वारा बिना किसी स्वीकृति के कॉलोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से स्वीकृति से संबंधित कोई भी अभिलेख मौके पर प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इसके बाद अवैध कॉलोनी में बनाई गई सड़कें, बाउंड्री वॉल, साइट ऑफिस सहित अन्य निमार्णों को ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के तहत गिरा दिया गया।

ध्वस्तीकरण के दौरान स्थानीय विकासकताओं और निर्माणकताओं द्वारा विरोध भी किया गया, लेकिन मौके पर मौजूद प्राधिकरण पुलिस बल और स्थानीय पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। प्रवर्तन जोन-02 के सहायक अभियंता ने मौके पर मौजूद लोगों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि बिना अनुमति किए गए किसी भी निर्माण को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा और भविष्य में भी अवैध कॉलोनियों के खिलाफ इसी तरह कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। इस दौरान स्थल पर सहायक अभियंता, अवर अभियंता, सुपरवाइजर/मेट, स्थानीय पुलिस बल और प्राधिकरण पुलिस बल मौजूद रहा। प्राधिकरण की इस कार्रवाई से अवैध कॉलोनाइजरों में हड़कंप मच गया है।




# जन सेवा केंद्र का आयोजन हुआ



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद** । दिनांक 14/01/2026 दिन बुधवार समय 10:00 बजे से 3:00 बजे तक विधायक अजीतपाल त्यागी के निर्देश पर नेहरू वर्ड स्कूल मे श्रेया आई सेंटर जयपुरिया मॉल इंदिरापुरम स्वास्थ्य विभाग व डाक विभाग के सहयोग से कैम्प का आयोजन किया कैम्प का उद्घाटन व्यापारी नेता पंडित अशोक भारतीय ने किया कैम्प मे मुख्य अतिथि के रूप में अमित त्यागी पार्षद मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से ओमवीर वीरवाल रिटायर्ड आईएएस अशोक राव मनु वशिष्ठ अभिनव शर्मा प्रमोद चौधरी कैलाश परिहार आदि उपस्थित थे डाक विभाग से अनुराग हेमंत बिलाल श्रेया आई केंद्र से हिमांशु एवं पंकज सुभाष स्वास्थ्य विभाग से सौरभ उपस्थित थे 175 ज्यादा लोगों ने कैम्प का लाभ उठाया राष्ट्रीय व्यापार मंडल गजप्रस्थ के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता के जन्म दिवस पर सेवा पखवाड़ा के तहत राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानन्द के जन्मदिवस के अवसर पर पहला कैम्प राज पब्लिक स्कूल पर आयोजित हुआ दूसरा कैम्प लोटस सोसायटी मे आयोजित हुआ आज तीसरा कैम्प आयोजित किया गया आधार कार्ड शिविर आयुषमान कार्ड शिविर निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा नेहरू वर्ड स्कूल नेहरू नगर मे *डाक विभाग भारत सरकार स्वास्थ्य विभाग व श्रेया आई सेंटर के सहयोग से किया गया कैम्प मे 70+ आयु के वरिष्ठ नागरिको के आयुष्मान कार्ड भी बनाये गये कैंप में 18 वर्ष तक की आयु के नए आधार कार्ड बने तथा विभिन्न आयु वर्ग के पुराने आधार कार्ड में सुधार एवं बदलाव किये गये इस अवसर पर 175 से ज्यादा स्थानीय निवासियों ने कैंप मे आधार कार्ड आयुष्मान कार्ड व निःशुल्क नेत्र जांच का लाभ उठाया।

## बिना पंजीकरण एक भी तरणताल, जिम या खेल एकेडमी नहीं चलेगी: अपर जिलाधिकारी (नगर)

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** जनपद में संचालित तरणताल, जिम एवं खेल एकेडमी के संचालन को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और नियमसम्मत बनाने की दिशा में प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। अपर जिलाधिकारी (नगर) विकास कश्यप ने स्पष्ट किया है कि बिना पंजीकरण संचालित किसी भी तरणताल, जिम या खेल एकेडमी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे संस्थानों के विरुद्ध नियमसंगत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बुधवार को जारी कि गई प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए श्री कश्यप ने बताया कि जनपद में कार्यरत समस्त तरणताल, जिम एवं खेल एकेडमी संचालकों को जिला क्रीड़ा अधिकारी, गाजियाबाद के कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करनी होंगी। आवेदन प्रस्तुत होने के उपरांत अपर जिलाधिकारी (नगर) की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा संबंधित संस्थानों के आवेदन की जांच एवं स्थलीय निरीक्षण किया जाएगा। सभी मानकों और नियमों को पूरा करने वाले संस्थानों को ही पंजीकरण प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी (नगर) ने यह भी स्पष्ट किया कि सोसायटी, क्लब, होटल, स्कूल, फार्म हाउस, बैंक्वेट हॉल अथवा अन्य किसी भी स्थान पर संचालित तरणताल, जिम या खेल एकेडमी यदि बिना पंजीकरण के चल रही हैं तो उन्हें तत्काल प्रभाव से संचालन रोकते हुए नियमानुसार पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। बिना पंजीकरण संचालन पाए जाने पर संबंधित संचालकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। प्रशासनिक हलकों में श्री विकास कश्यप की इस पहल को उनकी अनुशासित, सक्रिय और जनहित को प्राथमिकता देने वाली कार्यशैली का उदाहरण माना जा रहा है। पूर्व में भी वे नगर क्षेत्र से जुड़े मामलों में त्वरित निर्णय, स्पष्ट दिशा-निर्देश और नियमों के सख्त अनुपालन के लिए जाने जाते रहे हैं। इस कार्रवाई से जहां अवैध रूप से संचालित संस्थानों में हड़कंप मचा है, वहीं नियमों का पालन करने वाले संचालकों ने प्रशासन के इस कदम का स्वागत किया है। प्रशासन का मानना है कि पंजीकरण प्रक्रिया से न केवल सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित होगा, बल्कि खिलाड़ियों, बच्चों और आम नागरिकों के स्वास्थ्य एवं जीवन की सुरक्षा भी मजबूत होगी।

## बम्बा रोड, मोदीनगर में 8000 वर्ग मीटर क्षेत्र में विकसित अवैध कॉलोनी ध्वस्त

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** जनपद में अवैध निर्माण और अनधिकृत कॉलोनियों के विरुद्ध प्राधिकरण ने सख्त रुख अपनाते हुए बुधवार को उपाध्यक्ष के स्पष्ट निदेर्शों के क्रम में प्राधिकरण द्वारा मोदीनगर क्षेत्र के ग्राम बम्बा रोड पर लगभग 8000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई प्रभारी प्रवर्तन जोन-02 के नेतृत्व में श्री सचिन डागर द्वारा की गई। प्राधिकरण अधिकारियों के अनुसार संबंधित स्थल पर कॉलोनाइजर द्वारा सड़क, बाउंड्री वॉल, साइट ऑफिस सहित अन्य निर्माण कराए जा रहे थे, जबकि प्राधिकरण से स्वीकृति से संबंधित कोई भी अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया गया। जांच में कॉलोनी को पूरी तरह अवैध पाए जाने के बाद तत्काल ध्वस्तीकरण का निर्णय लिया गया और मौके पर पहुंचकर सभी अवैध निमार्णों को ध्वस्त कर दिया गया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान स्थानीय विकासकताओं और निर्माणकताओं द्वारा विरोध भी किया गया, लेकिन मौके पर तैनात प्राधिकरण पुलिस बल और स्थानीय पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए अभियान को निर्बाध रूप से आगे बढ़ाया। प्रशासन की सख्ती के चलते पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इस दौरान प्रवर्तन जोन-02 के सहायक अभियंता ने मौके पर मौजूद लोगों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि बिना प्राधिकरण की अनुमति किए गए किसी भी प्रकार के निर्माण को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

## क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, गाजियाबाद के 29 वर्ष पूरे, 2025 की उपलब्धियां और 2026 की नई तैयारियों पर प्रेस कॉन्फ्रेंस

**वेलकम इंडिया**

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के अंतर्गत क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय (फढड), गाजियाबाद द्वारा अपने स्थापना के 29 वर्ष पूरे होने के अवसर पर बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वर्ष 2025 में किए गए सफल कार्यों की जानकारी साझा की गई और वर्ष 2026 के लिए प्रस्तावित नई योजनाओं व तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पासपोर्ट कार्यालय गाजियाबाद के वरिष्ठ अधिकारी आईएफएस अनुज स्वरूप ने कहा कि गाजियाबाद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मेरठ और गौतमबुद्धनगर जिलों में बढ़ती आबादी और पासपोर्ट सेवाओं की लगातार बढ़ती मांग को देखते हुए




विदेश मंत्रालय के निर्देश पर आवश्यक कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि इन दोनों जिलों के लिए अतिरिक्त स्थान (स्पेस) की मांग डिपार्टमेंट ऑफ कोस से की गई थी, जिसे अब सुनिश्चित कर लिया गया है और जल्द ही स्थान उपलब्ध होने की प्रबल संभावना है। अनुज स्वरूप ने बताया कि वर्तमान में मेरठ जिले में केवल 2 काउंटर संचालित हैं, जहां प्रतिदिन लगभग 100 अपॉइंटमेंट दिए जा रहे हैं। वहीं गौतमबुद्धनगर जिले में भी 2 काउंटर हैं, लेकिन स्थान की कमी के कारण वहां प्रतिदिन केवल 80 अपॉइंटमेंट ही संभव हो पा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जैसे ही अतिरिक्त स्थान उपलब्ध होगा, काउंटरों की संख्या बढ़ाई जाएगी, जिससे आम नागरिकों को पासपोर्ट सेवाएं और अधिक सुगमता व तेजी से मिल सकेंगी। वर्ष 2025 की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए आरपीओ गाजियाबाद ने बताया कि बीते वर्ष कार्यालय द्वारा करीब 3.5 लाख पासपोर्ट सेवाएं और लगभग 11 हजार पीसीसी की सेवाएं प्रदान की गईं। यह आंकड़ा वर्ष 2024 की तुलना में लगभग 8 प्रतिशत अधिक है, जो कार्यालय की कार्यक्षमता और सेवा विस्तार को दर्शाता है।

## माघ मेला 2026: गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** मकर संक्रांति के अवसर पर प्रयागराज में चल रहे माघ मेले के मुख्य स्नान को लेकर गाजियाबाद रेलवे स्टेशन बुधवार को श्रद्धालुओं से गुलजार रहा। सुबह-सुबह से ही यात्रियों का आना शुरू हो गया और स्टेशन परिसर में लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। श्रद्धालु गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में आस्था की डुबकी लगाने के लिए प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में सवार होने के लिए जुटे। प्रयागराज की ओर जाने वाली लगभग सभी ट्रेनों में जनरल कोच में अत्यधिक भीड़ रही, और कई लोगों को सीट न मिलने पर प्लेटफार्म पर खड़े होकर यात्रा करनी पड़ी। प्रयागराज एक्सप्रेस, ऊंचाहार, नेताजी एक्सप्रेस, सिक्किम महानंदा एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनों में सवार होने के लिए यात्रियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। भीड़ के बावजूद श्रद्धालुओं के चेहरे पर माघ मेले में पवित्र स्नान को लेकर उत्साह और आस्था साफ झलक रही थी। रेलवे सुरक्षा के लिहाज से आरपीएफ और जीआरपी के जवान सतर्क नजर आए। आरपीएफ इंस्पेक्टर चेतन प्रकाश ने बताया कि स्टेशन के दोनों प्रवेश द्वार और सभी प्लेटफार्मों पर जवान नियमित गश्त कर चेकिंग कर रहे हैं। ट्रेनों के आने पर यात्रियों को सुरक्षित सवार कराने में जवानों की मदद भी देखने को मिली। स्टेशन प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए हैं, ताकि भीड़ के बीच श्रद्धालु सुरक्षित और व्यवस्थित रूप से अपनी यात्रा पूरी कर सकें।

# अखिल भारतीय औद्योगिक एवं व्यापार महासभा द्वारा अंबेडकर रोड स्थित विशाल भंडारे का आयोजन किया गया





**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** भंडारे का शुभारंभ गाजियाबाद सांसद श्री अतुल गर्ग जी शहर विधायक संजीव शर्मा जी के द्वारा हुआ भंडारे में मुख्य रूप से पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी पूर्व डिप्टी मेयर राजीव शर्मा संस्थापक अध्यक्ष रविंद्र चौहान राष्ट्रीय प्रवक्ता इंद्रजीत सिंह टीटू महासचिव विजय कौशिक उपस्थित रहे

आज एक और बड़ी खुशी थी संजीव अरोड़ा जो व्यापार मंडल में प्रदेश संयोजक हैं उनका जन्मदिन भी केक काटकर मनाया गया

भंडारे के समय मुख्य उपस्थित लोगों में व्यापार सभा के संरक्षक अभिषेक गर्ग उपाध्यक्ष आनंद चौधरी उपाध्यक्ष हरीश मल्होत्रा संयोजक विकास चौधरी प्रदेश अध्यक्ष शुभम गुप्ता वरिष्ठ नेता दिशांत त्यागी करणी सेना अध्यक्ष विवेक तोमर संतोष यादव प्रमुख भूपेंद्र डबास जिला अध्यक्ष रणवीर प्रधान वीरपाल सिंह नरेंद्र कुमार नदी व्यापारी नेता संदीप बंसल पार्षद नीरज गोयल अजय चोपड़ा दिनेश शर्मा मधु शर्मा जी विनीत गॉड एडवोकेट पंडित शिवकुमार शर्मा प्रदीप त्यागी एसपी कपूर व्यापारी नेता राकेश स्वामी आदि उपस्थित रहे

## ट्रोनिका सिटी में जली हालत में ऑटो से मिला मानव शव

**गाजियाबाद।** ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज घटना सामने आने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। अगरौला के पास स्थित औद्योगिक क्षेत्र में खड़े एक ऑटो के भीतर पूरी तरह जला हुआ मानव शव मिलने की सूचना से पुलिस महकमे में खलबली मच गई। सूचना मिलते ही ट्रोनिका सिटी थाना प्रभारी मनोज कुमार फील्ड यूनिट के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की, वहीं एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि थाना पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि औद्योगिक क्षेत्र में एक ऑटो पूरी तरह जली अवस्था में खड़ा है, जिसके भीतर मानव शव मौजूद है। मौके पर पहुंचने पर पाया गया कि शव शत-प्रतिशत जल चुका है, जिसके चलते यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि मृतक महिला है या पुरुष। पुलिस द्वारा फॉरेंसिक और भौतिक साक्ष्यों के आधार पर गहन जांच की जा रही है। एसीपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हत्या की पुष्टि करना अभी जल्दबाजी होगी।

# सरार्फा संघ का स्नेह मिलन समारोह संपन्न हुआ

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** भीम 17 जनवरी शहर के सरार्फा संघ का स्नेह मिलन ताल स्थित एक निजी रिसॉर्ट में महाव्यापार संघ के अध्यक्ष बाबू लाल कोठारी की अध्यक्षता में मकर संक्रांति के सुअवसर पर आयोजित हुआ। जिसमें सभी व्यापार संघों के पदाधिकारी सम्मिलित हुए। जिसमें सरार्फा सहित अन्य व्यापार संघों के विभिन्न मुद्दों को लेकर गहन विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर सर्व सम्मति से अमावस एवं पूर्णिमा को शहर में अपने प्रतिष्ठानों को बन्द रखने पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान किराना व्यापार संघ अध्यक्ष गोकुल मुनोत रामनारायण सोनी रमेश सोनी खीम राज सोनी ईमित्र संघ के राजेंद्र सिंह स्टेशनरी संघ अध्यक्ष महेंद्र कोठारी स्वर्णकार संघ देवगढ़ के भगवान लाल सोनी चंद्रप्रकाश अच्छा हरीश पोखरना मेडिकल संघ के रमेश मुनोत बिल्डिंग मटेरियल संघ के दीपक भटेवरा मोबाईल संघ के कमल सिंह रावत आदि ने अपने विचार रखे। इस दौरान नेमी चन्द गन्ना विकास गुडलिया दिलीप चौपड़ा अरूण देरासरिया आदि ने वर्ष भर के विभिन्न व्यापार मंडलों द्वारा किए जाने वाले जीवदया एवं अन्य सेवा कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान व्यापार संघ से जुड़े व्यापारियों ने पारंपरिक खेल सतोलिया गुल्ली डंडा क्रिकेट जैसे खेलो का परिवारजनों महिलाओं सहित आनंद लिया। इस दौरान विभिन्न खेलो में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्रदान करने वाली टीम के खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया। समारोह में तहसीलदार मनोज कुमार गांग सीओ राकेश वर्मा आदि में भी शिरकत की।

